

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दिलजीत दोसांझ ने पूरी फिल्म चमकीला की ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 16 मार्च 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 84 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## उद्धव ठाकरे बनाम एकनाथ शिंदे : शिंदे कहते रहे हम शिवसेना हैं... चीफ जस्टिस का एक सवाल, और दुविधा में पड़ गए कोश्यारी!

शिवसेना में फूट से जुड़े मुकदमों की आज सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ सुनवाई कर रही है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। जस्टिस एमआर शाह, कृष्ण मुरारी, हेमा कोहली और पीएस नरसिम्हा बेंच के अन्य सदस्य हैं। ठाकरे के वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी जबकि शिंदे के वकील हरीश साल्वे, नीरज किशन कौल और देवदत्त कामत ने अपनी दलीलें पूरी कीं जबकि राज्यपाल की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए।पीठ ने 21 फरवरी से गुण–दोष के आधार पर मामले की सुनवाई शुरू की थी। 16 फरवरी को उसने मामले के गुण–दोष के साथ इसे निर्धारित करने का विकल्प चुनकर बड़ी पीठ के संदर्भ के प्रारंभिक मुद्दे पर फैसला टालने का फैसला किया था।



दोनों पक्षों की बहस खत्म होने के बाद और राज्यपाल की ओर से बहस कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने एक सवाल पूछा, जिसने न केवल राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को बल्कि एकनाथ शिंदे को भी दुविधा में डाल दिया। शुरुआत में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने समझाया कि मैं सात बातों के आधार पर राज्यपाल का केस पेश कर रहा हूं. लेकिन बहस चल ही रही थी कि चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ मेहता से सवाल पूछने लगे. मेहता ने कहा कि मेरे बोलने के बाद आप मुझसे प्रश्न पूछें। चीफ जस्टिस ने निर्देश दिया कि इस पर मेरे पास जो सवाल हैं, मैं उनसे पूछता रहूंगा, आप अपनी राय पेश करते रहें।

राज्यपाल ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की बजाय बहुमत परीक्षण कराने का निर्देश दिया। अगर विधायक पार्टी के आदेश के खिलाफ वोट करते हैं तो दसवीं अनुसूची के अनुसार कार्रवाई होगी। लेकिन पहले राष्ट्रपति शासन का चरम कदम उठाने की बजाय बहुमत की परीक्षा ली जानी चाहिए। अधिवक्ता तुषार मेहता ने तर्क दिया कि इस मामले में राज्यपाल ने यही किया। अगर शिवसेना इस पर विभाजित नहीं होती। आप बार–बार कहते हैं कि आप शिवसेना हैं... इसका मतलब है कि जो 34 विधायक आपके साथ हैं, वे भी शिवसेना के सदस्य हैं। यदि वे स्वयं शिवसेना के सदस्य हैं। तो सदन में बहुमत साबित करने का सवाल कहां से आता है? ये सवाल पूछकर चीफ जस्टिस ने तुषार मेहता का मुंह बंद कर दिया।

### राज्यपाल की कार्रवाई पार्टी को तोड़ने वाला कदम हैः चीफ जस्टिस

महाविकास अघाड़ी सरकार में वो पार्टियां तीन साल शासन कर रही थी, फिर रातों–रात ऐसा क्या हुआ, जिसने तीन साल की जनजीवन को तोड़ दिया। यह भी एक बहुत बड़ा समूह है। शिवसेना के 56 में से 34 विधायकों ने अविश्वास जताया। इसलिए तीनों पार्टियों में मतभेदों के बाद भी शिवसेना ही आगे रही। बहुमत परीक्षण बुलाने से पहले राज्यपाल ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया? विधायकों का सरकार विरोधी रुख या पार्टी नेतृत्व से मतभेद सरकार बनने के एक महीने के भीतर नहीं हुआ। यह सब तीन साल बाद हुआ है।

## स्मार्टफोन के लिए नहीं हो रही कोई सिक्योरिटी टेस्टिंग

### केंद्रीय मंत्री ने मीडिया रिपोर्ट के दावे को बताया गलत

नई दिल्ली। केंद्रीय



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट के दावे को खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया था कि सरकार स्मार्टफोन के लिए नई सुरक्षा जांच का प्लान बना रही है। मीडिया रिपोर्ट में किए जा रहे दावों को खारिज करने के लिए केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने ट्विटर का सहारा लिया। गलत है ये रिपोर्टः केंद्रीय मंत्री ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर लिखा, श्यह रिपोर्ट पूरी तरह से गलत है। कोई सिक्योरिटी टेस्टिंग या क्रेकडाउन नहीं किया जा रहा है। ये रिपोर्ट रचनात्मक कल्पना है जो बीआईएस मानक आईएस17737 (भाग–3) 2021 के मोबाइल सुरक्षा दिशानिर्देशों पर मंत्रालय और उद्योग के बीच चल रही परामर्श प्रक्रिया पर आधारित है। सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए 100: प्रतिबद्ध है और 2026 तक 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने के लिए बढ़ते इलेक्ट्रॉनिक्स एमएफजी पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित किया गया है। क्या थी रिपोर्ट?: मीडिया रिपोर्ट द्वारा बताया गया था कि सरकार स्मार्टफोन के लिए नई सुरक्षा जांच नियम बना रही है। इन नए सुरक्षा नियमों के तहत, स्मार्टफोन निर्माताओं को पहले से इंस्टॉल किए गए एप्स को हटाने और प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टम अपडेट की अनिवार्य स्क्रीनिंग की अनुमति दी जा सकेगी। सूत्रों का कहना है कि यह पहल डेटा के दुरुपयोग और एप द्वारा जासूसी रोकने के लिए किया जा रहा है।

### फैलाई जा रही गलत सूचना

*मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगर सरकार इस योजना पर आगे बढ़ती है तो इससे भारतीय स्मार्टफोन बाजार में सैमसंग, श्याओमी, वीवो और एप्पल सहित कई स्मार्टफोन कंपनियों के बाजार में सेंध लग सकती है। इस मामले पर पूर्व सीईओ प्रसार भारती शशि शेखर वेम्पति ने कहा कि फैलाई जा रही गलत सूचनाओं के लिए एक एजेंसी होनी चाहिए। ट्विटर पर, वेम्पति ने ट्वीट किया, श्वैश्विक मीडिया आउटलेट्स द्वारा इस तरह के समाचार रिपोर्टों को देखते हुए एक समर्पित एजेंसी स्थापित की जानी चाहिए, ताकि गलत सूचना से निपटा जा सके।*

## विपक्षी एकता को बड़ा झटका

### टीएमसी सांसद बोलेः कांग्रेस नेताओं द्वारा बुलाई गई बैठकों में नहीं होंगे शामिल

कोलकाता। विपक्षी एकता को लेकर कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। तृणमूल कांग्रेस ने साफ तौर पर कह दिया है कि वह कांग्रेसी नेताओं द्वारा बुलाए गए इससे भी बैठक में शामिल नहीं होगी। दरअसल, संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण चल रहा है। दूसरे चरण के तीसरे दिन भी संसद में जबरदस्त हंगामा है। हंगामे को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस नेताओं की ओर से एक बड़ी बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में विपक्षी दलों के लगभग सभी नेता शामिल हो रहे हैं। लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने दूरी बना रखी है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस कांग्रेस



पर ही जबरदस्त तरीके से हमलावर है। इन सबके बीच लोकसभा में टीएमसी के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने साफ तौर पर कह दिया है कि उनकी पार्टी किसी विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं होगी। अपने बयान में सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद अपना सत्र शुरू करने में सफल नहीं हो रही है। सत्ता पक्ष हो या मुख्य विपक्षी दल, दोनों एक–दूसरे के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी अन्य विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले रहे हैं। टीएमसी संसद में अपने ही मुद्दों और एजेंडे पर विरोध करेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हमारे राज्य में, कांग्रेस पूरी तरह से भाजपा और सीपीएम के साथ मिलीभगत है, इसलिए हम कांग्रेस नेताओं द्वारा बुलाई गई बैठकों में हाथ नहीं मिला सकते हैं। सुदीप बंधोपाध्याय का यह बयान विपक्षी एकता को बड़ा झटका है। हाल में ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी दलों से भाजपा को हराने के लिए एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने की अपील की थी। उन्होंने समान विचारधारा वाले दलों को आमंत्रित भी किया था। हालांकि, पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी के बीच जबरदस्त वार–पलटवार का दौर भी देखने को मिला। इन सब के बीच ममता बनर्जी ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि उनकी पार्टी 2024 का चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेगी।

## ईडी के समन के खिलाफ कविता ने एससी का रुख किया, याचिका पर 24 मार्च को सुनवाई

नई दिल्ली। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के कविता ने दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा और प्रवर्तन निदेशालय के समन को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा



खटखटाया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ 24 मार्च को कविता की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई। याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कविता के वकील ने कहा कि किसी महिला को ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं बुलाया जा सकता है और कानून के अनुसार उसके आवास पर पूछताछ की जानी चाहिए। कविता के वकील ने पीठ को बताया कि केंद्रीय एजेंसी बीआरएस नेता का हैदराबाद के व्यवसायी अरुण रामचंद्र पिल्लई से आमना–सामना कराना चाहती है, जो शराब घोटाले में आरोपी है, लेकिन ईडी ने अब तक ऐसा नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि कविता याचिका की तत्काल सुनवाई की मांग क्यों कर रही है, जिस पर उसके वकील ने जवाब दिया कि ईडी की सुनवाई कल, 16 मार्च को है। अदालत ने तब मामले की सुनवाई 24 मार्च को करने का फैसला किया। ईडी द्वारा 11 मार्च को कविता से पिल्लई के बयानों के साथ पूछताछ की गई और उन्हें 16 मार्च को फिर से पेश होने के लिए कहा गया।

## स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को लिया आड़े हाथ, विपक्षी सांसदों का ईडी कार्यालय तक विरोध मार्च

नई दिल्ली। राहुल गांधी की ओर से विदेशी मंच से भारतीय संसद पर की गयी टिप्पणी का मुद्दा आज भी संसद के दोनों सदनों में उठा जिसके चलते भारी हंगामे की स्थिति रही। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही को चलाने का प्रयास किया लेकिन हंगामे और शोरशराबे के चलते दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। लोकसभा में ओम बिरला ने आसन के समक्ष आकर हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने की अपील की लेकिन किसी ने बात नहीं सुनी। इस बीच, विपक्षी सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संसद भवन स्थित कक्ष में बैठक कर अपनी रणनीति बनाई। विपक्ष के सांसद आज ईडी कार्यालय तक विरोध मार्च निकालेंगे और अडाणी मामले से जुड़ी शिकायत एजेंसी को सौंपेंगे। इसको लेकर पूरे मार्ग में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त भी किये गये हैं। विरोध मार्च दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर संसद भवन से शुरू होगा, जिसमें विभिन्न विपक्षी दलों



के सांसद हिस्सा लेंगे। अमेरिकी वित्तीय शोध संस्था 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी समूह और प्रधानमंत्री पर लगातार हमला कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों की मांग है कि इस मुद्दे की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया जाए। उल्लेखनीय है कि 'हिंडनबर्ग रिसर्च' ने अडाणी समूह के खिलाफ फर्जी तरीके से लेन–देन और शेयर की कीमतों में हेर–फेर सहित कई आरोप लगाए थे। अडाणी समूह ने इन आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा था कि उसने सभी कानूनों और प्रावधानों का पालन किया है। हालांकि विपक्ष की एकता में आज भी दरार दिखाई दी क्योंकि खड़गे के कक्ष में विपक्षी सांसदों की बैठक में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नहीं पहुँचे। तृणमूल सांसदों ने अलग से संसद परिसार में प्रदर्शन करते हुए एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि का विरोध किया। तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने घरेलू रसोई गैस के दामों में वृद्धि को लेकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए और मांग की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस संबंध में जवाब देना चाहिए। दूसरी ओर, भाजपा राहुल गांधी पर लगातार हमलावर है। आज केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सुबह–सुबह ही राहुल गांधी पर हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक ऐसे देश में जाकर विदेशी ताकतों का आह्वान किया जिसका इतिहास भारत को गुलाम बनाने का रहा है। उन्होंने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहती हूं आपने विदेश में कहा कि देश में उन्हें किसी विश्वविद्यालय में बोलने का अधिकार नहीं है। ऐसा है तो 2016 में दिल्ली में जब एक विश्वविद्यालय में श्भारत तेरे टूकड़े होंगेश का नारा लग रहा था तब आपने वहां जाकर इसका समर्थन किया, वो क्या था?

## उधमपुर में सड़क हादसे में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

जम्मू। जम्मू–कश्मीर के उधमपुर जिले में बुधवार को



जम्मू–श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवानों को लेकर जा रहे एक वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बल के पांच जवान घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब सीआरपीएफ के जवान गश्त ड्यूटी पर थे। इसी दौरान सुबह छह बज कर करीब 50 मिनट पर टिकरी के पास मांड में जम्मू जा रहे ट्रक ने उनके वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में चार सहायक उप–निरीक्षक और एक कांस्टेबल शामिल हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जाती है। अधिकारी के मुताबिक, ट्रक चालक के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## बिहार में भाजपा के खेवनहार बन सकते हैं ये तीन साथी, नीतीश से बगावत का कुशवाहा को मिला इनाम

पटना। बिहार में भाजपा अपने दम पर खड़े होने की कोशिश में जुटी हुई है। इसके लिए वह कई छोटे–छोटे दलों को साधने की कोशिश भी कर रही है। बिहार में अपने जातीय समीकरण को मजबूत करने के लिए भाजपा उपेंद्र कुशवाहा, मुकेश सहनी, चिराग पासवान और आरसीपी सिंह जैसे नेताओं अपने पाले में करना चाहती है। इसका अंदाजा इसी बाद से लगाया जा सकता है कि इन नेताओं की सुरक्षा में हाल के दिनों में इजाफा किया गया है। जदयू से बगावत करने के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने अपनी पार्टी बना ली। माना जा रहा है कि वह 20214 की ही तरह 2024 में भाजपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं। हाल में ही उनके सुरक्षा घेरे को बढ़ा दिया गया है। अब उपेंद्र कुशवाहा को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। इसका मतलब



यह हुआ कि कुशवाहा के साथ 3 अलग–अलग शिफ्ट में सीआरपीएफ के 11 कमांडो मौजूद रहेंगे। यह सभी कमांडो आधुनिक हथियारों से लैस होंगे। चिराग पासवान और मुकेश सहनी को यह सुविधा पहले से ही मिली हुई है। बिहार में यह तीनों जिस जाति से आते हैं उनका वोट लगभग 27: है। यही कारण है कि भाजपा इन्हें अपने साथ रखना चाहती है। उपेंद्र कुशवाहा की कोइरी–कुर्मी जाति पर पकड़ है। बिहार में यह लगभग 11 फीसदी है। चिराग पासवान की पार्टी का वोट 7 से 8: हैं। उनके साथ दलित वोट भी है। वहीं, मुकेश साहनी 6–7 फीसदी वोट पर पकड़ रखते हैं। लोकसभा चुनाव के लिहाज से बिहार बेहद महत्वपूर्ण राज्य माना जाता है। बिहार में जबसे नीतीश कुमार भाजपा से अलग हुए हैं, तब से पार्टी कहीं ना कहीं 2024 के लिहाज से अलग रणनीति जरूर बना रही है। एक ओर जहां भाजपा के जबरदस्त तरीके से नीतीश कुमार पर हमलावर है तो दूसरी ओर अंदर खाने में बातचीत की भी कोशिश जारी है। ऐसा सूत्रों का दावा है। भाजपा के साथ फिर से गठबंधन नहीं करने का वादा करने वाले नीतीश कुमार भी आज कल भगवा पार्टी को लेकर नरम रुख दिखा रहे हैं।



## जनपद के 15 कृषकों को पॉलिसी का किया गया वितरण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। शासन के निर्देश के अनुपालन में मेरी पालिसी





मेरे हाथ कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार बलरामपुर में किया गया। कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि डा0 प्रभाकर सिंह द्वारा जनपद के 15 कृषकों को पालिसी का वितरण किया गया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राणा, कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रेषु गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी उतरौला, बलरामपुर एवं तुलसीपुर व भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला समन्वयक एग्रीकल्चर इन्श्योरेन्स कम्पनी लि0 के साथ समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि, समस्त प्राविधिक सहायक ग्रुप सी, समस्त बी0टी0एम0, ए0टी0एम0 मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा सफाई के नाम पर फर्जी तरीके से पैसा निकाल कर किया बंदरबांट

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। विकासखंड के ग्राम सभा सोनपुर दुधावा में वित्तीय अनियमितताओं का ऐसा बंदरबांट ग्राम प्रधान व सचिवद्वारा किया गयाजैसे मानो खाला जी के घर का हो ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा किए जा रहे हैं मनमानी को लेकर ग्राम वासियों में आक्रोश व्याप्त है तथा कई शिकायत पत्र खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर दिया गया जिसमें एडीओ पंचायत ने स्थलीय जांच कर भ्रष्टाचार की हद पार कर रहे ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान पर लिखा आरोप पत्र। ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम सभा सोनपुर दुधावा के सामुदायिक शौचालय में जहां जाने का रास्ता कचरा युक्त है वही तीन गड्ढे के स्थान पर एक गड्ढा बना दिया गया और आज तक कोई ग्रामवासी सामुदायिक शौचालय का उपयोग नहीं कर



सका हर महिषा ताला लगा रहता है ना कोई लाइट है ना हैंडपंप ना समरसेबल ना कोई ऐसी व्यवस्था वाटर सप्लाई की है कि जिससे उपयोग किया जाए खुला ही नहीं तो केयरटेकर को भुगतान किस नाम से दिया जा रहा है ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान श्रीमती जाहिदा खातून के प्रति अपने निजी जमीन पर चेक डैम मेड़बंदी करवा रहे हैं और मनरेगा मजदूरों से जो सरकार की मंशा के अनुरूप नहीं अभी जल्दी में पंचायत भवन के निर्माण में ऐसा करा दिया कि पीले सफेद मोरंग जैसे घटिया सामग्री को लगाकर कार्यों की इति कर दी जो देखने मात्र से ही पता चल जाएगा कि कैसे बना है। इसी हफ्ते मजरा दुधावा में सीसी रोड का निर्माण हो रहा है जो पप्पू के घर से बंसराज के घर उसमें सचिव व ग्राम प्रधान ने मिलीभगत कर के बाहरी ठेकेदार को ठेका देकर

■ सामुदायिक शौचालय में तीन गड्ढों की जगह एक गड्ढे बनाए

■ सामुदायिक शौचालय का ताला अभी तक नहीं खुला लेकिन केयरटेकर को किया जा रहा है मानदेय का भुगतान

निर्माण कार्य करवाया जा रहा हैद्यग्राम प्रधान गाइडलाइन के अनुसार मनरेगा मजदूरों के कार्य के दौरान वीडियोग्राफी होनी चाहिए परंतु चहेते मजदूरों में जो कर्मचारी जवाब शाहबाज आलम आशिक अली अशफाक अहमद गुलशन रईस अहमद शराफत अली नौशाद अली मोहर्रम अली राम रूप शंकर तुलसी राम राम गोपाल गोली राजकुमार जैसे तमाम मजदूर फर्जी तरीके से भुगतान ले रहे हैं जिनका मजदूरी करते समय कोई वीडियोग्राफी नहीं है जो भ्रष्टाचार के कार्यों का सीधा खुलासा कर रहा है ग्राम वासियों ने यह भी बताया कि आज तक ग्राम में खुली बैठक कभी नहीं हुई है ग्राम वासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि ग्राम सभा में व्यापक भ्रष्टाचार मचा हुआ है वही ग्राम पंचायत सदस्य सोनू जायसवाल अजमल गोबरे कल्लू रवि सहित दर्जनों ग्राम वासियों ने बताया कि भ्रष्टाचार की हदों को पार कर दिया ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधानप्रतिनिधि ने। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी कार्यालय तुलसीपुर से समाचारपत्र प्रतिनिधि ने एडीओ पंचायत कृष कुमार श्रीवास्तव जी से जब बात की एडीओ पंचायत ने कहा कि मौके पर स्थलीय निरीक्षण करने हेतु मैं स्वयं गया था अचानक निरीक्षण के दौरान मौके पर निम्न कमियां पाई गई जिसका उल्लेख है स्वच्छता साफ सफाई पर संचारी रोग दस्तक अभियान स्वच्छता के अंतर्गत संलग्न वाउचर में उल्लेखित मजदूरों के द्वारा सफाई का कार्य किया गया लेकिन ग्राम वासियों के बयान अनुसार ऐसा कोई कार्य नहीं कराया गयायवही शौचालय में सेफ्टी टैंक अधूरा पाया गया नल समरसेबल वाटर सप्लाई में विद्युतीकरण भी नहीं कराया गया जिसका पैसा लगभग निकाल लिया गया हैध्एडीओ पंचायत श्रीवास्तव ने बताया कि पत्राक 94ध्पंचायतध् जांच पत्रध् २०२२–२०२३ दिनांक 21 नवंबर 2022 को ही पत्र निर्गत कर दिया गया।

## सामूहिक विवाह संपन्न अव्यवस्थाओं का रहा बोलबाला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ जहां लगभग 190 जोड़ो के दंपत्ति सूत्र में बंधने की सुखद व मांगलिक समाचार रहा तो वही जिसमें विवाह करने वाली लड़कियों के खाते





में धनराशि भेजने के साथ कुछ अन्य घरेलू गृहस्ती का सामान भी दिया गया शुभ अवसर पर सदर बलरामपुर ब्लॉक के 14 उतरौला के 16 श्रीदत्तगंज से 12 गैडाघ्स बुजुर्ग से 14 रेहरा बाजार से 39 तो वही पचपेड़वा विकासखंड से 19 गैसड़ी से 43 तुलसीपुर से 21 व हरैया सतघरवा से 11 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधे उक्त अवसर पर सदर ब्लाक पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदंपतियों के रिश्तेदार व परिजनों को पंडाल में लगाए गए जलपान आदि के लिए इधर–उधर भटकते रहे दमपत्तियों के परिजनों ने बताया कार्यक्रम के शुरुआत होते ही भोजन जलपान आदि में पूरी तरह अव्यवस्था रही थोड़ी देर में ही रखी हुई भोजन सामग्रियां भी नदारद हो गयी और सुदूर क्षेत्रों से आए लोग जलपान के लिए तरस गए रेहरा बाजार से आए एक नवदंपत्ति के परिजनों ने बताया कि ब्लॉक परिसर में खानपान की व्यवस्था बहुत ही खराब थी ऐसे में जहां एक तरफ दो दमदंपत्ति खुशी खुशी अपने घरों को रवाना हुए तो वही उनके परिजन भूखे प्यासे बुझे मन से रुक्सत हुए।

## जिला अधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। माह के तीसरे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों द्वारा कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए। बैठक में किसानों द्वारा खाद, बीज, सिंचाई, केसीसी, ऋण आदि को लेकर अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई। जिस पर जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह किसानों की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करें।



कृषि विभाग, नाबार्ड व अन्य विभाग के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने छुट्टा पशुओं की समस्याओं के बारे में कहा कि प्रशासन द्वारा छुट्टा पशुओं के आश्रय हेतु व्यवस्था की जा रही है परंतु किसानों की सहायता के बिना की यह कार्य असंभव है। इसलिए सभी किसान इसमें प्रशासन की मदद करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यह समस्या हम सबके बीच से ही उत्पन्न हुई है। अतः इसका समाधान भी हम सबको मिलकर ही ढूंढना होगा। किसान भाई पशुओं को खुला न छोड़े। साथ ही उन्होंने कहा कई लोग छुट्टा पशुओं को स्कूल में छोड़ देते है जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। इस तरह के अराजक काम में दोषी पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। उनके द्वारा किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने, किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े खाते की ईकेवाईसी कराने की बात कही गई। अंत में जिलाधिकारी ने सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस की इस बैठक का आयोजन निरंतर होता रहेगा। प्रशासन पूरी तरह से किसानों की समस्याओं को लेकर सजग है और निस्तारण के लिये निरंतर प्रयास कर रहा है। किसान बंधु इस बैठक में अपनी समस्या लेकर आते हैं तो उनका सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा उचित निस्तारण कराया जाएगा। इसके अलावा भी किसान बंधु अन्य दिनों में कार्यालय में संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम अरून्मौली, उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, एसडीईओ कृषि, सिंचाई विभाग, नलकूप विभाग, डीडी नाबार्ड, प्रभारी एलडीएम, नहर विभाग, सहित अन्य अधिकारी व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

## प्राचार्य ने किया स्काउट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोण्डा। महाविद्यालय के बी0एड0 के छात्राध्यापक



एवं छात्राध्यापिकाओ का स्काउट गाइड का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर0 बी0 सिंह ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। स्काउट प्रशिक्षुओ ने सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन मे कहा की पुरानी धारणा थी कि जान है तो जहान है लेकिन आज के युग में जान भी जरूरी है और जहान भी जरूरी है हम अपना विकास और उन्नति करें तथा दूसरों के उन्नति एवं विकास में सहयोग करें और यह तभी संभव हो सकता है जब हम नियमित और संयमित रहकर किसी लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर कार्य करते हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा ओमप्रकाश सिंह, डॉक्टर त्रिपुरारी दूबे, डा जगन्नाथ तिवारी,डा जावेद अहमद, मार्शल स्टालिन, पवन मिश्रा, डॉक्टर शैलेंद्र बहादुर सिंह,डा रवीन्द्र प्रताप सिंह, उमेश पाठक, प्रेम तिवारी, डा दीपक श्रीवास्तव, जिला स्काउट गाइड कमिश्नर ज्ञानेश गुप्ता, स्काउट प्रशिक्षक प्रतिभा त्रिपाठी, स्काउट प्रशिक्षक अनुज जी आदि लोग उपलब्ध रहे।

## मोटरसाइकिल व चार पहिया के टक्कर में 02 गंभीर,एक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

रुपईडीह। पिपरा बाजार पुलिस चौकी के पास मोटरसाइकिल व चार पहिया के वाहन के आमने सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपस्थित लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गई। जहां पर तैनात चिकित्सकों ने 1 को मृतक घोषित करते हुए 2 का इलाज शुरू किया।चौकी प्रभारी पिपरा बाजार महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खरगूपुर थाना क्षेत्र के



गोंडा बहराइच मार्ग पर पिपरा बाजार पुलिस चौकी के पास दो मोटरसाइकिल, बोलेरो, व टाटा हेरिया के आपस में टकरा गए। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गई। जहां पर चिकित्सकों ने एक को मृतक घोषित कर दिया। तथा दो का इलाज शुरू किया। मृतक की पहचान मन्नू लाल चौहान पुत्र बच्चा राम चौहान निवासी कल्याणपुर थाना कौडिया के रूप में तथा घायल रामू पुत्र राकेश निवासी पिपरी थाना कौडिया व हमजा उर्फ शकीर पुत्र अख्तर निवासी बड़ी काशी जोत थाना पयागपुर जनपद बहराइच के रूप में करते हुए इसकी सूचना परिजनों को दी गई ।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना खरगूपुर अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। यहां पर चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया है ।अभी किसी भी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है ।तहरीर मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

## शादी से पहले मातम में बदली खुशियां, 20 मार्च को होने वाली थी युवक की शादी

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। थाना वजीरगंज के दुर्जनपुर घाट फकीरन पुरवा निवासी जानिब अली 20 वर्ष पुत्र जाकिर हुसैन वा आजाद 17 वर्ष पुत्र गुलाम हुसैन शादी का कार्ड बाटने के लिए परसपुर डेहरास गए थे जहां से वापस लौटते समय करीब 06रू30 बजे शाम को किसी अज्ञात ट्रक ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी जिससे जानिब की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आजाद गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानिब की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।वही आजाद को एक निजी वाहन के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस घटना की सूचना मिलते ही दुर्जनपुर फकीरन पुरवा में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि जिस युवक की मौत हुई है उसकी आगामी 20 मार्च को थाना तरबगंज के जमथा में शादी होने वाली थी। इस खबर से दोनो घरों में कोहराम मचा हुआ है।

## झारखंडी मंदिर के सामने अवैध अतिक्रमण कर सजी गोश्त की दुकानें

### *खुलेआम नालों में डाल रहे अवशेष राहगीरों का चलना मुश्किलः प्रशासन मौन*

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। जनपद मुख्यालय के वीर विनय चौराहा से



पहलवारा व जो विगत कुछ वर्षों लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है तो वही झारखंडी क्रॉसिंग से झारखंडी मंदिर से दक्षिण बहराइच रोड की पटरियों व विद्युत विभाग की चहरदीवारी से सड़क तक चौवड़े नाले पर अतिक्रमण कर कई लोगों द्वारा खुलेआम मुर्गे बकरे को काटकर उसके अवशेषों को वही आस पास फेंक दिया जाता है जिससे उक्त मार्ग से गुजर रहे लोगों को बड़े ही असमंजस का सामना करना पड़ता है उक्त अतिक्रमण के संदर्भ में पहले भी कई बार नगर पालिका व जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है इसके बावजूद उक्त नालों पर लगे ऐसे दुकानो को न तो हटाया जा रहा है ना ही उनके खिलाफ कोई कार्यवाही की जा रही है ऐसे में आम जनता व राहगीर लगातार इसके शिकार हो रहे हैं जनता अपनी फरियाद किस से कहें।

## फर्जी अंकपत्र के सहारे अध्यापक की नौकरी पड़ी महंगी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर, बलरामपुर। जहां सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए तरह–तरह के दावे कर रही है और अपराध मुक्त शिक्षा व्यवस्था का दावा कर रही है। लेकिन शिक्षा व्यवस्थाओं को लेकर भ्रष्टाचार अपने चरम पर देखा जा रहा है ।जहां पर फर्जी अंकपत्र के सहारे स्कूलों और मदरसों में फर्जी शिक्षकों की तैनाती से संबंधित कथित अध्यापक मौज कर रहे हैं। और इसके लिए शिक्षकों से मुंह मांगी रकम प्रबन्धक समिति हासिल कर रहे हैं। जिसको लेकर अक्सर ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में कई संस्थानों की जांच मे खुलासा हुआ है की बिना वैध प्रपत्रो के कई लोग अध्यापन कार्य में नियुक्त किए गए हैं। इसको लेकर जांच के माध्यम से कई स्कूलों में खुलासे के बाद विभागीय कार्रवाई भी की गई है। जिससे शिक्षा माफियाओं में हड़कंप देखा जा रहा है। ऐसा ही मामला जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर नगर क्षेत्र में मदरसों से जुड़ा हुआ प्रकाश में आया है जहां पर प्रार्थी उस्मान अंसारी निवासी तुलसीपुर के द्वारा एक जनहित याचिका माननीय न्यायालय में दायर की गई थी

■ कथित सहायक अध्यापक सिराज अहमद पर एफआईआर दर्ज

■ सिराज अहमद पर एक साथ 2 संस्थानों में कार्य करने के लगे आरोप

जिसमें विपक्षी सिराज अहमद खान पुत्र मुस्तफा खान उम्र 50 वर्ष व अन्य के खिलाफ फर्जी अंकपत्र के सहारे मदरसा दारुल उलूम अतीकिया जरवा रोड तुलसीपुर में सहायक अध्यापक तहतानियां के पद पर कर्यरत रहते दूसरे मदरसे जामिया वांरुल उलूम तुलसीपुर में अध्यक्ष पद पर होने का खुलासा हुआ है। वही प्रार्थी द्वारा मदरसे के बच्चों से अवैध वसूली करने का मामला की सूचना भी सामने आ रही है। जिसको लेकर हम्माद नइमी और तारिक अजीज के द्वारा जन सूचना के तहत सम्बन्धित विभाग से प्राप्त साक्ष्यों में इस बात की जानकारी दी गई हैं । कि उक्त सहायक अध्यापक ने अपने नियुक्ति में जो रोल नंबर 30 500 69 और परीक्षा दिनांक 16,8,14 को दर्शाया कि फला सन और फला मदरसे के सेंटर से परीक्षा पास करने का दावा किया है वह सरासर गलत है और भृमित करने योग्य है जिसकी विभाग के द्वारा सूचना दे पुष्टि की गई है कि उक्तपरीक्षा केंद्र पर इस सन में इस इस नाम का कोई भी व्यक्ति परीक्षा नहीं दे रहा और और न परीक्षा केंद्र लिस्ट में ऐसा कोई नाम अंकित है। जबकि इसी फर्जी अंकपत्र के सहारे 7वर्षों से मदरसा दारुलउलूम अतिकीया में सहायक अध्यापक के पद पर बने हुए सरकारी नौकरी का लाभ ले रहे हैं जो गैरकानूनी ह। तो वही दूसरे मदरसे में अध्यक्ष पद पर भी कार्यरत है जो बड़े सवाल पैदा कर रहा। जबकि नियमावली की बात करें तो उत्तर प्रदेश सरकार असाधारण नंबर 22 जुलाई 2016 के पेज नंबर 12 के कलम आठ में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति सहायता प्राप्त मदरसे में शिक्षक कार्य करने के साथ दूसरे संस्थान का सदस्य नहीं हो सकता फिर कैसे एक साथ 2 संस्थानों में इनकी नियुक्ति की गई है। कई सवाल उतपन्न कर रहे है। जिसको लेकर न्यायालय के आदेशों के क्रम में स्थानीय पुलिस को उपरोक्त आरोपों की जांच की पुष्टि के बाद फर्जी अध्यापक पर कार्यवाही करने का न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया था जिस पर तुलसीपुर पुलिस ने कथित अध्यापक व अध्यक्ष सिराज अहमद और अन्य के ऊपर फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी व 2 पदों का दुरुपयोग के साथ अन्य कई धाराओं में एफ आई आर दर्ज करते हुए आईपीसी की धारा 419,420,467,468,471 में मुकदमा पंजीकृत किया है और अभियुक्त की तलाश में पुलिस मदरसे मैं भी जा चुकी है लेकिन मौका देखकर वहां से फरार हो गए इसको लेकर तलाश जारी है ।जिससे जनपद के शिक्षा माफियाओं में हड़कम्प मचा हुआ है और उनमें भय व्याप्त ह ।इस सम्बंध में जब जिला अल्पसंख्यक अधिकारी से बात की गई तो उनका कहना है कि इस विषय मे हमे अभी कोई जानकारी प्राप्त हुई है ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 13 मई को

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के




निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश ब्रजेन्द्र मणि त्रिपाठी के आदेशानुसार आगामी 13 मई, 2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद–न्यायालय गोण्डा एवं समस्त तहसील स्तर पर किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव, अपर जिला जजध्एफटीसी–द्वितीय द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका आदि से सम्बन्धित मामलों एवं बैंक मामले, धारा 138 पराक्रम लिखत अधिनियम वाद आदि (लम्बित एवं प्री–लिटिगेशन मामले) के साथ–साथ आवश्यकतानुरूप सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादो, मोटर दुर्घटना प्रतिकर मामले, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, श्रम मामलों, मध्यस्थम प्रकरणों, नगरपालिकाध्नगर निगम टैक्स वसूली मामलों आदि को पक्षकारों की सहमति से लिया जा सकता है। सम्बन्धित प्रकरण, एवं अन्य प्रकार के वादोंध्प्रकरणों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर तथा अर्थदण्ड अधिरोपित करके किया जायेगा। समस्त वादकारियों से अपील है कि दिनांक–13.05.2023 को सम्बन्धित न्यायालयधट्रिब्यूनल में पंहुचकर राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसरः नितेश पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बर्डपुर,सिद्धार्थनगर। संगठन नेतृत्व के निर्देशन में भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल के सभी शक्ति केंद्रों पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन चल रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शक्ति केंद्र बुड़ा के रामजानकी मंदिर परिसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय रहे। कार्यक्रम शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर हुआ। जिसके पश्चात महामंत्री सुरेन्द्र यादव ने मंडल अध्यक्ष का स्वागत करते हुये कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति द्वारा दिये के अभिभाषण पत्र के चार भाग को शक्ति केंद्र के चार प्रमुख कार्यकर्ताओं ने उपस्थित लोगों को पढ़कर सुनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रपति





द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार द्वारा देश के विकास और उसके गौरव गाथा से अवगत कराया जो हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में देश के विकास और उसके गौरव गाथा से अवगत कराया, वह प्रेरणादायक है। केंद्र में चल रही मोदी सरकार ने देश के शोषित वंचित एवं गरीबों के लिये मुफ्त आवास, शौचालय और राशन तक कि व्यवस्था की है, वह अपने आप में एक मिसाल है। देश को करोना काल से सुरक्षित निकाल ले जाना यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहस और कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंतिम तिथि परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास को लेकर तत्पर है और उसी परिणाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हर वर्ग के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक तबके का विकास स्टार्टअप और स्टैंड अप के तहत रोजगार की व्यवस्था, प्रत्येक व्यक्ति का जन धन योजना के तहत बैंक में खाता खुलवाना, आयुष्मान योजना के तहत लोगों को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज कराना और कोरोना काल से लेकर अभी तक निरंतर कोई भी व्यक्ति भूखा ना रहे इसको लेकर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत सभी को लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को मकान एवं उज्जवला योजना के तहत लोगों को गैस एवं अन्य योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गोष्ठी में राशन, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना के रसोई गैस सिलेंडर, आयुष्मान कार्ड से मिल रहे मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना के तहत मिले आवास, शौचालय, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मिले रोजगार की उपलब्धियां बताई जाएगी। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक हरिशंकर तिवारी, वरिष्ठ नेता जानवी मणि त्रिपाठी, मंडल मंत्री अरविंद तिवारी, जनार्दन प्रसाद मौर्य, रामकुमार यादव, बीपी गुप्ता, अखिलेश कुमार, राजेंद्र कुमार, फूलचंद्र, रामकेश, राधेश्याम, नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

- **भाजपा बर्डपुर में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन**
- **शक्ति केंद्र बूड़ा में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

## तहसील प्रशासन ने की कब्रिस्तान के भूमि की पैमाइश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़,सिद्धार्थनगर। चांदापार उर्फ शोहरतगढ़ स्थित गाटा



संख्या 1 के बगल जब किसी व्यक्ति द्वारा मिट्टी गिराकर पटाई का कार्य रहे थे, जानकारी मिलते ही जामा मस्जिद सदर अल्ताफ हुसैन ने शोहरतगढ़ तहसील प्रशासन से शिकायत की। शिकायत का संज्ञान लेते ही उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने त्वरित कब्रिस्तान की गाटा संख्या का सीमांकन करने के निर्देश दिए। उक्त के सन्दर्भ में पैमाइश करने पहुँचे सदर लेखपाल अनिरुद्ध चौधरी ने बताया कि शिकायतकर्ता सदर अल्ताफ हुसैन की शिकायत पर कब्रिस्तान की भूमि कक पैमाइश किया गया है, जिस गाटे पर किसी प्रकार का अबैध कब्जा आदि नही किया गया है। शिकायत कर्ता अल्ताफ हुसैन ने बताया कि बगल मिट्टी गिरते देख शिकायत की गई थी। पैमाइश के बाद कब्रिस्तान की भूमि का बाउंड्री आदि कराकर उसे प्रयोग में लिया जाएगा। इस दौरान लेखपाल अनिरुद्ध चौधरी, शिकायत कर्ता अल्ताफ हुसैन, व्यवसाई नबाव खान, मुश्ताक अहमद उर्फ गुड्डू खान, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक राजेश कुमार तिवारी, छोटू निगम, अक्षय कसौधन, मुकेश गौड़ आदि मौजूद रहे।

## डुमरियागंज में होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन आज

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज ब्लॉक परिसर में गुरूवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा होली मिलन समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर संजीव रंजन शामिल होंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव व तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने यह जानकारी बुधवार को संयुक्त रूप से दी है। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएम, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीओ व एसपी शामिल होंगे। वही भोजपुरी गायक राजन पाण्डेय व अमरमणि दूबे होली गीत व कवि व ईओ महेश श्रीवास्तव, रामप्रकाश गौतम, डॉ ज्ञानेंद्र द्विवेदी, नियाज कपिलवस्तुवी, राम कृष्ण लाल जगमग, अरुणेश विश्वकर्मा, सलमान आमिर, सलोनी उपाध्याय, मंजू गौतम, भूपेंद्र त्रिपाठी, शिवसागर, जमील आदि लोग अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने किया मिलेट मेला और ईट राइट मेला का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन लखनऊ के



आदेश के अनुपालन एवं जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन और कृषि विभाग के द्वारा मिलेट मेला और ईट राइट मेला का आयोजन किया गया। जिसमें जी0 के0 दूबे सहायक आयुक्त खाद्य। अजय कुमार तिवारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, चन्द्र भानु पटेल खाद्य सुरक्षा अधिकारी, विजय यादव खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, अन्य विभागों के अधिकारी तथा किसान एवम किसानों की संस्था, एफ पी ओ, उपभोक्ताओं सहित अन्य लोग सम्मिलित हुए। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भानु पटेल ने विस्तार पूर्वक मिलेट के उत्पादन, स्वास्थ्य के लिये उपयोगिता तथा वर्तमान में राज्य वार उत्पादन की स्थिति भारत सरकार से प्राप्त होने वाली सुविधाओं पर जानकारी दिये। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित ईट राइट इण्डिया के उद्देश्य और उसकी उपयोगिता के अंतर्गत ईट सेफ, ईट हेल्थी, ईट सस्टेनेबल पर विस्तार से जानकारी दिए है। कार्यक्रम में आये किसानों को फलों के पकने में रिपेनिंग चौम्बर के उपयोग एवम अन्य विषयों पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया गया।कार्यक्रम का समापन उप निदेशक कृषि सिद्धार्थनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## एक जिला एक उत्पाद सरकार की एक अच्छी योजनाः सांसद जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी के सांसद जगदंबिका पाल ने प्रश्न काल के दौरान सिद्धार्थनगर के कालानमक चावल के साथ–साथ उत्तर प्रदेश में ओपीओडी को किस तरह से बढ़ावा दिया जाए और विदेशों में ओपीओडी के लिए प्रोत्साहन को लेकर सरकार के द्वारा उठाएं जा रहे कदम पर सवाल पुछा। सांसद ने प्रश्न पूछा कि क्या भारत के हर जिले ने अब तक खुद को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के साथ पंजीकृत किया हैय इसके साथ ही जगदंबिका पाल ने पूछा कि क्या सरकार इन उत्पादों को आसान निर्यात की सुविधा के लिए चौनलाइज करने के लिए भी उपाय कर रही है। इन प्रश्नों के उत्तर में सरकार ने लिखित में बताया कि ओडीओपी पहल ने प्रत्येक जिले से कम से कम एक उत्पाद की पहचान कि है और लगभग सभी राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों के 761 जिले में ओपओडी को चुना गया है। सांसद ने ये भी पुछा कि क्या योजना को लागू करने में सरकार के सामने आने वाली बाधाओं और इन मुद्दों से निपटने के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और क्या सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उत्पादकों को प्रोत्साहित करके उत्पादन को बढ़ाने का प्रस्ताव भी कर रही है। इन सभी प्रश्नों पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि विदेश व्यापार महानिदेशालय के माध्यम से वाणिज्य विभाग (क्ळथ्ज्) भारत सरकार, राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों और के साथ जिलों के निर्यात को सुविधाजनक बनाने के लिए सीधे संस्थागत तंत्र बनाने के लिए पहचाने गए उत्पादध्सेवाएं काम कर रही है। मंत्रालय ने ये भी बताया कि इसके कार्यान्वयन और निष्पादन में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें राज्य सरकार से उत्पाद सूची को अंतिम रूप देना और जागरूकता की कमी जिसके लिए सरकार कदम उठा रही है।

## रेसियों भुगतान को लेकर प्रधान का ऑडियो वायरल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बढ़नी,सिद्धार्थनगर। बढ़नी ब्लाक अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में गत दिनों हुए भुगतान को लेकर दो व्यक्तियों में आपसी कहासुनी के साथ भुगतान प्रतिशत पर सवाल उठाने का वीडियो सोसल मीडिया पर वायरल है। ऑडिओ में दावा यह भी है कि किसी रामजी यादव का 32 लाख का कच्चा 38 लाख (स्पष्ट)–41 लाख (अस्पष्ट) का पक्का भुगतान हुआ है और हम लोगों का रेसियों में होने के बाद भी भुगतान नही हुआ है अब हम का करी, दिमाग खराब है! जैसी बातें 4 मिनट 6 सेकेंड के ऑडियो में वायरल है। उक्त के संदर्भ में संबंधित ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने इसे राजनीतिक मुद्दा बताते हुए कहा कि जिससे उनकी बात हुई है, उनसे भी अच्छे संबंध है। मेरा भुगतान नही हुआ था, इसलिए मानसिक तनाव में ऐसी बातें हुई है, जो मेरे भी दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके साथ ही खण्ड विकास अधिकारी ने कहा कि प्रकरण को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई है। जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

- **वायरल ऑडियो को लेकर प्रधान ने कहा कि डिप्रेशन में हुई है वार्ता, बीडीओ ने कहा उच्च अधिकारियों से हुई है शिकायत**

## अटेवा के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन,पेंशन मार्च को लेकर चर्चा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। खण्ड शिक्षा कार्यालय मिठवल पर बुधवार को अटेवा के पदाधिकारियों की एक बैठक की गई। जिसमें दिनांक 16 अप्रैल 2023 को पूरे देश में जनपद मुख्यालयो पर होने वाले पेंशन संवैधानिक मार्च को सफल बनाने हेतु चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए आनंद कुमार शुक्ल जिला प्रवक्ता ऑल टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बताया कि अटेवा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने आगामी समय के लिए एक वृहद कार्यक्रम कि रूप रेखा तय किया हैं, जिसमें 16 अप्रैल को जिले में पेंशन संवैधानिक मार्च, 1 जून से सम्पूर्ण भारत में छः ै निजीकरण भारत छोड़ो रथ यात्रा,1 अगस्त से 9 अगस्त तक सभी सांसद आवास



पर घण्टी बजाओ कार्यक्रम तथा 1 अक्टूबर दिल्ली चलो पेंशन शंखनाद महारैली आदि कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। जिसे हम सभी को मिलकर सफल बनाना है, और इसकी तैयारी अभी से ही शुरू की जा रही है और तब तक संघर्ष चलता जब तक कि हमको सफलता नहीं मिल जाती है। मनीष कुमार दूबे ब्लॉक अध्यक्ष ने अटेवा अवकाश तालिका कैलेंडर के शत प्रतिशत वितरण की सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए 16 अप्रैल को होने वाली पेंशन संवैधानिक मार्च के लिए सभी पदाधिकारियों को विद्यालय न्यायपंचायत स्तर पर एवम शिक्षक कर्मचारियों में जागरुकता बढ़ाने का आह्वाहन किया। बैठक में अंजना शर्मा ब्लाक अध्यक्ष महिला संवग प्रियंका मिश्रा ब्लाक महामंत्री महिला संवर्ग, श्वेता श्रीवास्तव, ब्लाक वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला संवर्ग, संजय पाण्डेय, वरिष्ठ संरक्षक, संजय जायसवाल संरक्षक एवं व्यवस्थापक जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी,संगठन मंत्री,श्रवण कुमार, महामंत्री, अनिल कुमार प्रजापति ब्लाक कोषाध्यक्ष, बृहस्पति मणि त्रिपाठी ब्लॉक उपाध्यक्ष, बृजेश वर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष, मनोज पांडेय प्रवक्ता, अभिलाष मिश्र, सोशल मीडिया प्रभारी, अरविंद यादव, सह संगठन मंत्री, अनिल प्रकाश भारती सह संगठन मंत्री, अब्दुल्ला सह संगठन मंत्री उपस्थित रहे।

## टायर फटने से अनियंत्रित कार बाइक से टकराई, एक गंभीर

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। पथरा बाजार क्षेत्र के बांसी डुमरियागंज मार्ग पर स्थित पिपरा रामलाल चौराहे पर बांसी से डुमरियागंज की ओर आ रही कार का टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गई, जिससे बाइक का चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। उसका इलाज बेवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घटना बुधवार दोपहर दो बजे की है। ग्राम मनिकौरा तिवारी निवासी शेष कुमार पुत्र माया राम (23) कोनकटी चौराहे से घर आ रहे थे तथा गोरखपुर जिले के गोरख नाथ थाना क्षेत्र के गोरखनाथ मंदिर मोहल्ला निवासी उमेश गुप्ता कार से डुमरियागंज की ओर जा रहे थे, अचानक कार का टायर फट गया जिससे कार बेकाबू होकर बाइक से जा टकराई और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। उक्त बावत थानाध्यक्ष राजकुमार राजभर ने बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचा दिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान, कार्यशाला का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बेलौहा स्थित लोकेश्वरनाथ मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान बूथ सशक्तिकरण व राष्ट्रपति अभिभाषण पर उपस्थित मंडल व शक्ति केंद्र प्रभारियों से विस्तृत चर्चा की गई। खेसरहा मंडल अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को आहूत पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजा जयप्रताप सिंह ने संबोधित किया। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठनात्मक विषयों पर



विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा पूरी तरह कार्यकर्ताओं से सुसज्जित एक पार्टी है। कार्यकर्ताओं को हर बूथ तक पहुँच कर उसका नवीनीकरण करना है। कार्य को गति देने के लिए पदाधिकारियों को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को भी डिजिटली प्रशिक्षित करना होगा सिंह ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के महत्व को बताते हुए विवरण पूर्वक कार्य करने का मार्ग भी प्रशस्त किया। बैठक में बिजयकांत चतुर्वेदी ने भी पार्टी की रणनीति बताई। कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरनाथ पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस दौरान दिलीप चतुर्वेदी, अजय शर्मा, अंकित पाण्डेय, नागेन्द्र मिश्रा,शिव सनेही गौड़, अर्जुन यादव, सर्वेश पाण्डेय, प्रभाष्कर राय, लक्ष्मी प्रसाद मोहनलाल, कृष्ण कुमार पाण्डेय, हरिकेश राजभर, साधना यादव, शिवम राजभर, नित्यानन्द पाण्डेय, आदि कार्यकर्ताओं सहित शाहजहाँ खान भी मौजूद रहीं।

## अपनी बाइक भी नही बचा पा रही पुलिस,आम जनता का कैसे होगा भला

दैनिक बुद्ध का सन्देश

- **सीजेएम कोर्ट परिसर से दरोगा की बाइक चोरी**

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। जिला मुख्यालय पर स्थित सीजेएम कोर्ट के परिसर से बुधवार को उसका बाजार थाना पर तैनात एक एसआई की बाइक अज्ञात चारों ने उड़ा दिए। एसआई नन्दा प्रसाद न्यायालय में किसी काम से गए थे। न्यायालय से काम निपटा के जब बाहर आए तो उनकी यूपी 62 बीएम 1282 सुपर स्पलेंडर मौके नही रही। काफी देर तक खोजबीन के बाद जब बाइक नही मिली तो उन्हें लगा कि बाइक चोरी हो गयी। इस चोरी की घटना से आमजन काफी चिंतित है कि जब दरोगा की बाइक जिलामुख्यालय पर कोर्ट परिसर से चोरी हो गई है तो अन्य के साथ क्या होगा।इस घटना से सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गयी है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने किया पथरा बाजार थाने का वार्षिक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। बुधवार को पथरा बाजार थाने का वार्षिक



निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पथरा बाजार पुलिस की कार्यप्रणाली से संतुष्ट दिखे। बुधवार को पूर्व निर्धारित सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने थाना परिसर पहुंच कर सर्व प्रथम नव निर्माणाधीन आरक्षी आवास,मालखाना, कार्यालय आदि का वारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा निर्माण में फाटक व जंगलों में कुंडी आदि मानक के अनुरुप न पाए जाने पर थानाध्यक्ष राजकुमार राजभर को कार्यदाई संस्था से मानक अनुरूप लगवाए जाने का निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुराने भवनों के बाहर कुछ लटक रहे तारों को ठीक कराए जाने की बात कही। उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों से असलहों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए तमाम प्रकार की आवश्यक सावधानियों को बताया। अपर पुलिस अधीक्षक कागजातों के रखरखाव,साफ सफाई पुलिस की कार्यप्रणाली पर थानाध्यक्ष के प्रति संतुष्ट दिखे। इस दौरान उप निरीक्षक, जावेद अहमद, राघवेन्द्र यादव, सत्यदेव, दयाशंकर तिवारी, आरक्षी वीरेंद्र सिंह, राहुल,सहित तमाम लोग मौजूद रहे। चित्र परिचय–नवनिर्माणाधीन आरक्षी आवास का निरीक्षण करते तथा पुलिस से असलहों को चलाने के बारे में जानकारी लेते अपर पुलिस अधीक्षक।

## सम्पादकीय

# विकास दर प्रभावित

कृषि पर भी कोई सर्वमान्य रास्ता निकाला जा सकता है, लेकिन हमारे देश में गैर–जिम्मेदाराना राजनीति बहुत है । कृषि को भारत में राजनीतिक गतिविधि मान रखा है। कृषि को आर्थिक गतिविधि नहीं माना गया है, जबकि उसकी विकास दर कोरोना–काल में भी सकारात्मक थी। बेशक सरकार दलीलें देती रहे कि हमारा जीएसटी संग्रह ...

विस वर्ष 2022–23 की तीसरी तिमाही, अक्टूबर–दिसम्बर में हमारी जीडीपी की विकास दर लुढ़क कर 4.4 फीसदी दर्ज की गई है । पहली तिमाही, अप्रैल–जून में विकास दर 13.2 फीसदी तक उछली थी और दूसरी तिमाही, जुलाई– सितम्बर, में भी 6.3 फीसदी रही थी। उन्हीं के आधार पर अनुमान लगाये गये थे कि मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान औसत विकास दर 7 फीसदी के करीब रह सकती है, लेकिन अब उस स्तर को छूना है, तो अन्तिम तिमाही, जनवरी–मार्च में यह दर कमोबेश 5.1 फीसदी होनी चाहिये । लाल संकेत ये हैं कि अर्थशास्त्रियों के आकलन हैं कि अन्तिम तिमाही में विकास दर 4 फीसदी के करीब हो सकती है । इसके मायने ये नहीं हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था उबरने के बाद फिर गोता खाने की स्थिति में पहुंच गई है । अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अब भी भारत की विकास दर अमरीका, जर्मनी, फ्रांस, जापान आदि देशों से बहुत बेहतर स्थिति में है। हम चीन के लगभग बराबर ही हैं, लेकिन तीसरी तिमाही के दौरान निजी खपत की मांग, सरकारी व्यय, निर्यात और मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में गिरावट दर्ज की गई है, नतीजतन विकास दर भी प्रभावित हुई है । लोगों की क्रय–शक्ति कम हुई है, तो मांग घटी है। मांग और खपत परस्पर पूरक हैं। मांग कम होगी, तो कारखाने उत्पादन भी कम करेंगे। नतीजतन रोजगार भी प्रभावित होगा। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में 1.1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि बीते वर्ष इसी तिमाही में यह दर 11.2 फीसदी थी। मैन्यूफैक्चरिंग जीडीपी का बेहद महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में एक है। लोगों की निजी खपत 2.1 फीसदी कम हुई है, तो सरकारी उपभोग व्यय भी 1.0 फीसदी घटा है और नेट निर्यात भी 6.7 फीसदी कम किया गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की रपट है कि औसत महंगाई दर 7.2 फीसदी है, जो तय लक्ष्य से ज्यादा है। जुलाई–सितम्बर की तिमाही में महंगाई दर 6.3 फीसदी उपभोक्ता को सीधे प्रभावित करने वाली महंगाई को इस तरह समझा जा सकता है कि रसोई गैस के दाम 50 रुपये प्रति सिलेन्डर बढ़ा दिये गये हैं। अब राजधानी दिल्ली में यह सिलेन्डर 1103 रुपये में मिलेगा, जबकि अन्य महानगरों में ज्यादा महंगा कर दिया गया है। कमर्शियल सिलेंडर भी 350 रुपये महंगा किया गया है। अनाज की कीमतें 15 फीसदी तक बढ़ी हैं, जबकि आटा 40 फीसदी महंगा हो गया है। दूध भी कई गुना महंगा हुआ है। इसका सम्पूर्ण विश्लेषण हम पहले ही कर चुके हैं। अब आसार ऐसे हैं कि कमोबेश इस साल खाने–पीने की महंगाई से कोई भी राहत मिलने वाली नहीं है। बेशक हम विश्व में सबसे तेज उभरने वाली अर्थव्यवस्था है, लेकिन जी–20 समूह के देशों में हम सबसे गरीब देश हैं, क्योंकि हम निम्न मध्य वर्ग की अर्थव्यवस्था हैं। भारत आने वाले वर्षों में जर्मनी और जापान सरीखे देशों को पीछे कर तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था भी बन सकता है, लेकिन हमारी अर्थव्यवस्था और आर्थिक असमानताओं के कारण हमारी विकास दर भी प्रभावित होती रहेगी । मुद्रास्फीति जैसे मुद्दों पर केन्द्र और राज्य सरकारें आपस में मिल–बैठ कर विमर्श कर सकती हैं । कृषि पर भी कोई सर्वमान्य रास्ता निकाला जा सकता है, लेकिन हमारे देश में गैर–जिम्मेदाराना राजनीति बहुत है । कृषि को भारत में राजनीतिक गतिविधि मान रखा है। कृषि को आर्थिक गतिविधि नहीं माना गया है, जबकि उसकी विकास दर कोरोना–काल में भी सकारात्मक थी। बेशक सरकार दलीलें देती रहे कि हमारा जीएसटी संग्रह बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा कोष और निवेश भी बढ़ते रहे हैं, लेकिन आम नागरिक का चिन्तित सरोकार महंगाई से है । यह अर्थव्यवस्था के साथ–साथ विकास दर को भी प्रभावित करती है। अर्थशास्त्री मान रहे हैं कि जो आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग ने जारी किए हैं, उनके मद्देनजर कहा जा सकता है कि भारत अपने विकास की गति तेजी से खो रहा है ।

# अवधी भाषा को जनांदोलन बनाना चाहते थे तुलसीदास



गोस्वामी तुलसीदास जी भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा प्राप्त कर अवधी भाषा की कविता को जनांदोलन बनाना चाहते थे। श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि सपनेहुं साचेहुं मोहि पर जौ हर गौरि पसाउ। तौ फुर होउ जो कहेउं सब भाषा भनिति प्रभाउ।। अर्थात यदि मुझ पर भगवान शिव जी और माता पार्वती जी की स्वप्न में भी सचमुच प्रसन्नता हो, तो मैंने इस भाषा, में कविता का जो प्रभाव कहा है, वह सब सच हो। दरअसल अवधी भाषा में कविता की व्याप्ति को वे जन जन में रमाना चाहते थे। आप फुर शब्द को देखिए तो यह शब्द खांटी अवधी का शब्द है। फुर का अभिप्राय सत्य या सही होता है। जैसे हम फुरै कहत रहे। पसाउ को ही लीजिए। पसाउ का अभिप्राय सार तत्व के संग्रहण से है। इसके बाद गोस्वामी तुलसीदास जी लिखते हैं कि बंदउ अवध पुरी अति पावनि। सरजू सरि कलि कलुष नसावनि।। प्रनवउ पुर नर नारिबहोरी। ममता जिन्ह पर प्रभुहि न थोरी। अर्थात मैं अति पवित्र श्री अयोध्यापुरी और कलियुग के पापों का नाश करने वाली श्री सरयू नदी की वंदना करता हूं। फिर अवधपुरी के उन नर और नारियों को प्रणाम करता हूं जिन पर प्रभु श्री राम चंद्र की जी की ममता थोड़ी नहीं है। मतलब कि अयोध्यावासियों पर प्रभु श्री राम की बहुत बड़ी कृपा है। अब आप देखिए तो पाएंगे कि अवधी अपने ठाठ और देसी अंदाज में नफासत के साथ तुलसी की अदा में डूबती और उतराती है। सरयू जी के पावन जल की पवित्रता अवधी भाषा की तरलता से निमज्जित होती है। गोस्वामी तुलसीदास जी मानस में राजा दशरथ को प्रारंभ में ही याद करते हैं। वे लिखते हैं कि बंदउ अवध भुआल सत्य प्रेम जेहि राम पद। बिछुरत दीन दयाल प्रिय तनु तृन इव परिहरेउ।। अर्थात मैं अवध के राजा श्री दशरथ जी की वंदना करता हूं, जिनका श्री राम जी के चरणों में सच्चा प्रेम था, जिन्होंने दीन दयाल प्रभु के बिछड़ते ही अपने प्यारे शरीर को मामूली तिनके की तरह त्याग दिया। यह आराध्य के प्रति समर्पण और अगाध निष्ठा का भाव होता है। आप देखिए तो सोचेंगे कि राजा दशरथ तो श्री राम के पिता हैं। फिर ऐसा कैसे संभव है। यहीं पर वे राम कथा सुनने और पढ़ने वालों को सचेत करते हैं कि श्रीराम प्रभु श्री राम हैं। उन्हें मनुष्य समझने की भूल न करें। वे पार ब्रह्म परमेश्वर हैं। इस तरह गोस्वामी तुलसीदास जी वंदना, स्तुति और आराधना के द्वारा प्रभु श्री राम की अलौकिकता के वर्णन के बहाने अवधी बोली को भाषाई कलेवर में संगुम्फित करते हैं।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश

# भिलाई इस्पात संयंत्र और दल्ली राजहरा को संजीवनी देगा बस्तर

**महामाया माइंस से लौह अयस्क परिवहन करने के लिए सैकड़ों ट्रांसपोर्टर्स के डंपर, टिप्पर दिन रात महामाया से दल्ली राजहरा के बीच चौबीसों घंटे दौड़ते रहते थे। माइंस में हजारों लोग नियमित कामगार के रूप में काम करते ही थे, लौह अयस्क परिवहन में लगे ट्रांसपोर्टर्स के टिप्पर, डंपर में भी हजारों मजदूरों को काम मिलता था। गैरेज संचालकों और उनके अधीन काम करने वाले मेकेनिक भी अच्छी खासी ...**

कहते हैं बस्तर के आदिवासी खुद भूखे रह जाते हैं, मगर मेहमान को खाना जरूर खिलाते हैं। बस्तर की माटी की भी तासीर कुछ इसी तरह की है। बस्तर की र प्रतिशतगर्भा धरती अपने लालों का तो ध्यान रखती ही है, दूर दराज के लोगों का भी भला और पोषण करती है। बस्तर की यही र प्रतिशतगर्भा धरती अब भिलाई इस्पात संयंत्र और दल्ली राजहरा को संजीवनी देने वाली है। यहां की धरती के एक और हिस्से में उच्च गुणवत्ता वाले लौह अयस्क का अकूत भंडार मिला है, जो न सिर्फ भिलाई इस्पात संयंत्र की धमन भत्रीयों को धधकाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा, बल्कि अंतिम सांसे गिन रहे दल्ली राजहरा को भी संजीवनी देगा। दरअसल बस्तर संभाग के कलमा नानगुर में स्थित लौह अयस्क खदान से अब भिलाई स्टील प्लांट को दल्ली राजहरा के रास्ते लौह अयस्क की आपूर्ति होगी। बस्तर संभाग के कलमा नानगुर में लौह अयस्क का बड़ा भंडार मिला है। वहां 44 एकड़ क्षेत्रफल में उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क उपलब्ध है। कलमा नागुर खदान के लौह अयस्क क्वालिटी 61 प्रतिशत आयरन कंटेंट वाली है। कलमा नानगुर खदान दल्ली राजहरा से महज 30 किमी दूर स्थित है। केंद्र सरकार के खनिज मंत्रालय, पर्यावरण मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने इस मामले में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। सूत्रों के मुताबिक कलमा नानगुर से लौह अयस्क सड़क मार्ग के जरिए पहले दल्ली राजहरा पहुंचेगा। दल्ली राजहरा खदान की वाशरी में धुलाई और सफाई के बाद लौह अयस्क को मालगाडियों के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भिलाई इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क आपूर्ति के लिए रावघाट माइंस को विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है, मगर कुछ अड़चनों की वजह से वहां खनन आरंभ नहीं हो सका है। रावघाट माइंस 220 एकड़ रकबे में फैला हुआ है। पेड़ों की कटाई की स्वीकृति न मिल पाने के कारण खनन अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। वहीं दूसरी ओर दल्ली राजहरा की खदानों में आयरन ओर समाप्ति की ओर है। वहां न के बराबर लौह अयस्क बचा रह गया है, जो भिलाई इस्पात संयंत्र की सांसों को ज्यादा दिनों तक थामे रख पाने में सक्षम नहीं है। ऐसी विषम परिस्थितियों के बीच कलमा नानगुर की खदान भिलाई इस्पात संयंत्र को नया जीवन देने वाली साबित होगी। बताया गया है कि कलमा नानगुर से लौह अयस्क दल्ली राजहरा तक सड़क मार्ग से ले जाया जाएगा। दल्ली राजहरा माइंस में आयरन ओर की धुलाई और सफाई के लिए वाशरी एवं अन्य उपकरण पहले से ही मौजूद हैं, जिनकी मदद से कमला नानगुर से पहुंचने वाले आयरन ओर की सफाई कर उसे मालगाडियों के जरिए भिलाई इस्पात संयंत्र भेजा जाएगा। स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगारः कलमा नानगुर में लौह अयस्क का खनन आरंभ हो जाने पर बस्तर के शिक्षित, प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं और मजदूरों को भरपूर रोजगार मिलेगा। बस्तरिहा मजदूरों को भी काम की तलाश में आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र की ओर कूच नहीं करना पड़ेगा। उन्हें कलमा नानगुर की लौह अयस्क खदान में ही काम मिलने लगेगा। विदित हो कि बस्तर के मजदूर हर साल मिर्च तोड़ाई और अन्य कार्य करने के लिए हर साल आंध्रप्रदेश जाते हैं। इसी तरह रोजी रोटी की तलाश में उन्हें तेलंगाना और महाराष्ट्र भी जाना पड़ता है। अब उन्हें पलायन के अभिशाप से मुक्ति मिल जाएगी। कलमा नानगुर लौह अयस्क खदान का सर्वाधिक लाभ कांकेर और नारायणपुर जिलों के बेरोजगारों और मजदूरों को मिलेगा। क्योंकि इन दोनों जिलों की सीमाओं पर ही कलमा नानगुर खदान स्थित है। कांकेर, नारायणपुर, कलमा नानगुर व आसपास के गांवों में व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा अब दिन फिरेंगे दल्ली राजहरा के भीः कलमा नानगुर की लौह अयस्क खदान भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए तो वरदान साबित होगा ही, डायलिसिस पर रहकर अंतिम सांसे गिन रहे खनिज नगरी दल्ली राजहरा के लिए भी संजीवनी बूटी से कतई कम असरकारी नहीं होगा। एक जमाना था, जब दल्ली राजहरा की खदानों में की जाने वाली ब्लास्टिंग के धमाके पूरे शहर में हर वक्त सुनाई देते थे, डंपर, टिप्पर का रेला लगा रहता था, गैरेजों में मरम्मत के लिए बड़ी गाडियों की लाईन लगी रहती थी, लाल रंग की शर्ट और हरे रंग की हाफ पेंट पहने मजदूरों की भीड़ हर तरफ नजर आती थी, दुकानों में बड़ी रौनक रहती थी। अब वो दिन फना हो चुके हैं। न बारुदी धमाके सुनाई देते हैं, न डंपर, टिप्पर बहुत ही दिखते हैं, मजदूरों की भीड़ भी अब नहीं रह गई है और दुकानों में सन्नाटा पसरा रहता है। गैरेजों में वीरानी का आलम रहता है। दल्ली राजहरा माइंस में नौकरी करना बड़े ही शान की बात मानी जाती थी, माइंस के कामगारों का रुतबा ही अलग होता था। महामाया माइंस से लौह अयस्क परिवहन करने के लिए सैकड़ों ट्रांसपोर्टर्स के डंपर, टिप्पर दिन रात महामाया से दल्ली राजहरा के बीच चौबीसों घंटे दौड़ते रहते थे। माइंस में हजारों लोग नियमित कामगार के रूप में काम करते ही थे, लौह अयस्क परिवहन में लगे ट्रांसपोर्टर्स के टिप्पर, डंपर में भी हजारों मजदूरों को काम मिलता था। गैरेज संचालकों और उनके अधीन काम करने वाले मेकेनिक भी अच्छी खासी कमाई कर लेते थे। दुकानदारों का काम भी बढिया चल रहा था। अब उम्मीद की जा रही है कि कलमा नानगुर खदान दल्ली राजहरा के पुराने दिन लौटाने में सहायक होगी। ट्रांसपोर्टर्स को फिर से काम मिलने लगेंगा। मजदूरों को पर्याप्त काम मिलेगा और दुकानों तथा गैरेजों में रौनक लौट आएगी। लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

# कांशीराम ने सम्पूर्ण जीवन बहुजन समाज के लिये समर्पित किया

**कांसीराम के संरक्षण में मायावती ने तीन बार कुछ महीनों के लिए मुख्यमंत्री का कार्यभार संभाला। उनका यह कार्यकाल इतना प्रभाशाली था कि मायावती ने 2007 में पूर्ण बहुमत की सरकार बना ली। लेकिन 9 अक्टूबर, 2006 को मा कांसीराम का परिनिर्वाण हो जाने की वजह से अब मायावती की पूर्ण बहुत की सरकार पर कांसीराम का साया नही था। 'निष्कर्ष' के तौर पर कहा जा सकता है ...**

निधि तिवारी

कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को खघ्वासपुर, रोपड़, पंजाब में एक रैदासी सिख परिवार में हुआ था। 1958 में बीएससी स्नातक होने के बाद कांसीराम पूना में रक्षा उत्पादन विभाग में सहायक वैज्ञानिक के पद पर नियुक्त हुए। डीआरडीओ, पूना में नॉकरी के दौरान बाल्मीकि जाति का जुनूनी अम्बेडकरवादी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दीना भाना ने बाबा साहब द्वारा लिखित पुस्तक 'एनिहिलेशन ऑफ कास्ट' (जाति का विनाश) कांसीराम को दी, जिसे कांसीराम ने एक ही रात में तीन बार पढ़ा। बाबा साहब की इस पुस्तक को पढने के बाद उनका कहना था कि इस पुस्तक ने मुझे जीवन भर का काम दे दिया है। कांसीराम का जीवन त्याग और निष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने श्सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्तिय को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया तथा इसकी प्राप्ति के लिए अपने आप को पूरी तरह समर्पित कर दिया। जब उनकी मां ने उन्हें शादी करने के लिए कहा तो कांशीराम ने मां को समझाया कि उन्होंने समाज की भलाई के लिए खुध्द को समर्पित कर दिया है। नौकरी छोडने पर उन्होंने 24 पन्ने का एक पत्र अपने परिवार को लिखा। उसमें उन्होंने बताया कि अब वे संन्यास ले रहे हैं और परिवार के साथ उनका कोई रिश्ता नहीं है। वे अब परिवार के किसी भी आयोजन में नहीं आ पाएंगे। उन्होंने इस पत्र में यह भी बताया कि वे ताजिंदगी शादी नहीं करेंगे और उनका पूरा जीवन बहुजन समाज के उत्थान को समर्पित है। कांसीराम ने एक ऐसा मार्ग चुना था ! जिसके नेता भी वे स्वयं थे तथा कार्यकर्ता भी स्वयं। इसलिए उन्होंने एक विस्तृत योजना तैयार की। इस योजना की पहली कड़ी थी विचारध् ाारा का चुनाव तथा उसका निरन्तर परिष्कार। उन्होंने बहुजनवाद की थीसिस विकसित की। जिसके अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य 15 प्रतिशत अल्पजन मनुवादी शोषक हैं तथा दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक 85 प्रतिशत बहुजन समाज शोषित है। अर्थात कांसीराम ने 15 प्रतिशत बनाम 85 प्रतिशत की लड़ाई का फार्मूला तय किया। अपनी योजना की दूसरी कड़ी में कांसीराम ने बहुजन समाज बनाने के लिए सात समाज सुधारक जो बहुजन परिवारों में पैदा हुए थे। जिन्होंने ब्राह्मणवादी सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह किया था। गुरु घासीदास, नारायण गुरु, बिरसा मुंडा, ईवी रामासामी पेरियार, महात्मा जोतिबा फुले, राजश्री शाहूजी महाराज और बाबा साहब आम्बेडकर इनके विद्रोह को पुर्नजीवित कर अपने मिशन को भौगोलिक ओर सामाजिक विस्तार देने की योजना बनाई। अपनी योजना की तीसरी कड़ी में उनकी नजर उन लाखों सरकारी कर्मचारियों पर पड़ी जिनके लिए बाबा साहब ने कहा था कि मुझे मेरे समाज के पढ़े लिखे लोगों ने धोखा दिया है। मा कांसीराम को आंदोलन के लिए आवश्यक टाइम, टेलेंट और ट्रेजरर तीनों चीजें सरकारी कर्मचारियों के पास नजर आयी। उन्होंने प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से हजारों कर्मचारियों को तैयार किया। विचारधारा, कार्यकर्ता और नेता जैसे आवश्यक अंगों को तैयार करने के पश्चात् कांसीराम ने संगठन का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया ! कांशीराम राजसत्ता को श्मास्टर चाबीय कहते थे। वे राजसत्ता को साध्य नहीं साधन मानते थे, जिससे श्सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्तिय के साध्य को प्राप्त किया जा सके। राज सत्ता की चाबी पाने के लिए कांसीराम ने समय अंतराल योजनाबद्ध तरीके से तीन संगठन की स्थापना की थी रू बामसेफ की स्थापना–' 06 दिसम्बर 1978 को बाबा सहाब के परिनिर्वाण दिवस पर कांसीराम ने बैकवर्ड एन्ड माइनॉरिटीज कम्यूनिटीज एम्प्लाइज फेडरेशन श्बामसेफय का गठन किया। बामसेफ एक नॉन पोलिटिकल, नॉन रिलिजियस और नॉन एजिटेशनल संघटन था। यह कर्मचारियों का संघटन होते हुए भी कर्मचारियों के लिए कोई कार्य नही करेगा। बल्कि इसके पीछे कांसीराम की धारणा थी कि बामसेफ के कर्मचारी समाज को अपना टाइम टेलेंट ट्रेजरर वापस देंगे (पे बेक)। बामसेफ बहुजन समाज के लिए टीचर की भूमिका में कार्य करेगा। परिणामस्वरूप बामसेफ के कार्यकर्ताओं ने पूरे देश में साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, बौद्धिक आदि क्षेत्रों में मनुवाद के खिलाफ एक तूफान खड़ा कर दिया। तथा जाति धर्म में बंटे हुए बहुजन समाज को सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ जोड़कर प्रशिक्षित कार्यकर्ताओ की फौज खड़ी कर दी। ष्ठर्स4 की स्थापना–' बामसेफ के गठन के तीन वर्ष बाद 06 दिसम्बर 1981 को बाबा सहाब के परिनिर्वाण दिवस पर कांशीराम ने ष्ठर्स–4 का गठन किया। इस संगठन का पूरा नाम श्दलित शोषित समाज संघर्ष समितिय था। यह संगठन राजनैतिक दल तो नहीं था, लेकिन इसकी गतिविधियाँ राजनीतिक दल जैसी ही थीं। बामसेफ की भूमिका अब अपत्यक्ष तौर पर ष्ठर्स–4 के माध्यम से संघर्ष में परिवर्तित हो चुकी थी। जिसकी वजह से कांसीराम के नेतृत्व में मनुवाद के खिलाफ एक जन आंदोलन खड़ा हो गया था। कांसीराम अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण शिविरों में कहा करते थे कि श्जिन लोगों की गैर–राजनीतिक जड़ें मजबूत नहीं हैं वे राजनीति में सफल नहीं हो सकतेय। अब बामसेफ और ष्ठर्स–4 की गतिविधियों से गैर राजनैतिक जड़े मजबूत हो चुकी थी और कांसीराम के सक्षम नेतृत्व से बहुजन समाज में राजनैतिक भूख भी पैदा हो गई। बहुजन समाज पार्टी की स्थापना–' 14 अप्रैल 1984 को बाबासाहब के जन्म दिन पर कांशीराम जी ने श्बहुजन समाज पार्टीय की स्थापना की। उद्देश्य स्पष्ट था, पहले राजसत्ता की चाबी पर कब्जा करना फिर सत्ता की चाबी से सम्राट अशोक के श्रमण भारत की पुनर्स्थापना करना। उद्देश्य के अनुरूप जैसे ही बसपा की पहली बार सरकार बनी कांसीराम ने उत्तर प्रदेश को बौद्ध राज्य घोषित कर दिया। इस योजना के तहत बसपा की सरकार ने कहीं पत्थर भी गड़वाया तो श्रमण परम्परा के महापुरुषों के नाम का गड़वाया।

कांसीराम को जीवन में सबसे बड़ा झटका पार्टी गठन के मात्र दो वर्ष बाद तब लगा जब बामसेफ कांसीराम से अलग हो गया जिसका अफसोस अक्सर कांसीराम अपने भाषणों में किया करते थे कि, मैंने मेरी जवानी का पूरा दिमाग और समय बामसेफ को तैयार करने में लगया था यह सोचकर कि समय आने पर बामसेफ का सदुपयोग कर में आसानी से बहुजन समाज को हुक्मरान समाज बना दूंगा लेकिन बामसेफ के कुछ लोगों की गद्दारी की वजह से बामसेफ को मुझसे अलग कर दिया गया। मैंने फिर प्राण किया कि अब मुझे अपने बलबूते पर ही इस मिशन को मंजिल तक पहुंचना होगा। कांसीराम की उपलब्धियों से यह तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि, यदि उन्हें बामसेफ का साथ मिला होता तो जरूर वे बहुजन समाज को हुक्मरान समाज बनाकर जाते।

फिर भी यह कांसीराम का करिश्मा ही था कि उन्होंने बसपा को दूसरे चुनाव में ही राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाते हुए पार्टी गठन के ग्यारवें वर्ष में ही 3 जून, 1995 को उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य का मुख्य मंत्री मायावती को बना दिया।



# भारत–ऑस्ट्रेलिया वनडे से बाहर हुए श्रेयस अय्यर, आईपीएल 2023 में केकेआर की भी बढ़ेगी मुश्किलें



श्रेयस अय्यर बार–बार पीठ की चोट के कारण भारत–ऑस्ट्रेलिया वनडे से बाहर हो गए हैं। भारत–ऑस्ट्रेलिया अहमदाबाद टेस्ट के दौरान श्रेयस अय्यर को चोट लगी थी। जानकारी के मुकाबिक श्रेयस अय्यर अब आईपीएल के भी कुछ मुकाबले मिस कर सकते है। आईपीएल में अय्यर की भागीदारी पर निर्णय लेने से पहले बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ द्वारा निगरानी की जाएगी। अय्यर ने अहमदाबाद टेस्ट के दौरान अपनी पीठ में दर्द की शिकायत की थी और बल्लेबाजी करने नहीं आए। यही कारण है कि आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान भी हैं। फिलहाल वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना रिहैब करेंगे। अहमदाबाद में भारत की 2–1 से सीरीज जीत के बाद रोहित ने श्रेयस अय्यर की चोट पर कहा कि यह इतनी दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। उन्हें बल्लेबाजी करने के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा और फिर जब दिन खत्म हो गया, तो उनकी पीठ के साथ समस्या फिर से शुरू हो गई। उन्हें स्कैन कराने के लिए अस्पताल भेजा गया था।

अगर 28 वर्षीय श्रेयस अय्यर आईपीएल 2023 का हिस्सा नहीं बनते हैं तो यह कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए बड़ा झटका है। श्रेयस दूसरे वर्ष टीम को लीड करने वाले थे। अब सवाल यह भी है कि आईपीएल 2023 में केकेआर के कप्तान के रूप में श्रेयस अय्यर की जगह कौन लेगा? इसमें कई नाम सामने आ रहे हैं। माना जा रहा है कि टीम का नेतृत्व करने के लिए नितीश राणा एक अप्रत्याशित पसंद हो सकते हैं। लेकिन इनके पास अनुभव की कमी है। आंद्रे रसेल और सुनील नरायण भी इस सूची में शामिल हैं।

# कोको गॉफ, फ्रिट्ज इंडियन्स वेल्स टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में



इंडियन वेल्स। कोको गॉफ ने तीसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां स्वीडन की क्वालीफायर रेबेका पेटरसन को हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने तीसरे और निर्णायक सेट में 2–4 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 4–4 के स्कोर पर तीन ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए अपनी सर्विस बचाई और फिर अगले गेम में मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने 6–3, 1–6, 6–4 से जीत दर्ज की। चार साल पहले रेबेका ने तब 14 साल की गॉफ को मिशिगन में चौलेंजर टूर्नामेंट में हराया था। छठी वरीय अमेरिकी गॉफ अगले दौर में दूसरी वरीय एरीना सबालेंका से भिड़ेंगी जिन्होंने 16वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा को 6–3, 2–6, 6–4 से हराया। चौथे दौर के अन्य मुकाबलों में सातवीं वरीय मारिया सकारी ने 17वीं वरीय केरोलिना प्लिसकोवा को 6–4, 5–7, 6–3 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में गत चौंपियन टेलर फ्रिट्ज ने मार्टोन फुकसोविक्स को 6–4, 6–3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पांचवें नंबर के दानिल मेदवेदेव ने 12वें वरीय एलेक्सांद्र ज्वेरेव को 6–7, 7–6, 7–5 से जबकि 10वें वरीय कैमरन नोरी ने छठे वरीय आंद्रे रूबलेव को 6–2, 6–4 से हराया।

# सुषमा वर्मा ने कहा, डब्ल्यूपीएल में हरमनप्रीत कौर को रोकना मुश्किल



मुंबई। गुजरात जाइंट्स की विकेटकीपर बल्लेबाज सुषमा वर्मा ने स्वीकार किया है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को रोकना मुश्किल हो रहा है। हरमनप्रीत ने मंगलवार को गुजरात जाइंट्स के खिलाफ सात चौके और दो छक्कों से 51 रन की तेजतर्रार पारी खेली जिससे टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में गुजरात की टीम नौ विकेट पर 107 रन ही बना सकी और उसे 55 रन से हार का सामना करना पड़ा। वर्मा ने कहा कि भले ही गुजरात जाइंट्स ने हरमनप्रीत के खिलाफ अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से अंजाम दिया हो लेकिन जब वे फॉर्म में होती हैं तो उनके जैसी बल्लेबाजों को रोकना मुश्किल होता है।

वर्मा ने मैच के बाद मीडिया से कहा, ''हरमन जैसी बल्लेबाज इतनी अच्छी फॉर्म में हों तो उन्हें रोकना मुश्किल होता है।'' उन्होंने कहा, ''उसे कैसी गेंदबाजी करनी है इसकी हमने योजना बनाई थी और मुझे नहीं लगता कि उसे रन बनाना इतना आसान लगा होगा। विकेटों के पीछे से मैं देख सकती थी कि गेंदबाजों ने हरमन के खिलाफ सही जगह पर गेंद फेंकी लेकिन उसने मैदान के छोटे हिस्से का काफी अच्छी तरह इस्तेमाल किया।'' वर्मा ने कहा, ''हरमन को अभी रोकना लगभग असंभव है लेकिन यह भी मायने रखता है कि आप अपनी योजनाओं को कितनी अच्छी तरह से अंजाम दे रहे हैं जो मुझे लगा कि आज हमारे मामले में बेहतर था।''

वर्मा ने कहा कि उनकी टीम शीर्ष क्रम में साझेदारियां बनाने में विफल रही जिसके परिणामस्वरूप मुंबई के खिलाफ दो मैच में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। वर्मा को भरोसा है कि गुजरात की बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन कर पाएंगी। उन्होंने कहा, ''हमारे लिए बाकी के तीन मैच जीतना महत्वपूर्ण है। हमारी बल्लेबाजों ने अभी तक दमदार प्रदर्शन नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि वे बाकी मैचों में चीजों को बदलने में सक्षम होंगी।'' मुंबई इंडियंस और न्यूजीलैंड की हरफनमौला खिलाड़ी अमेलिया केर ने मैच जिताने वाली पारी के लिए कप्तान हरमनप्रीत की जमकर तारीफ की।

उन्होंने कहा, ''वह बहुत अनुभवी है और अपने खेल को जानती है। उसके साथ बल्लेबाजी करने से आप पर से दबाव हट जाता है क्योंकि आप जानते हैं कि आप अधिकतर गेंदों पर रन बनाने जा रहे हैं और साझेदारी बना रहे हैं।'' नेट स्किवर ब्रंट के बारे में बात करते हुए अमेलिया ने कहा, ''मुझे लगता है कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं इसलिए मैं उनके प्रदर्शन से हैरान नहीं हूं। बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण वह सब कुछ बहुत अच्छे से करती हैं।'' स्किवर ब्रंट ने 31 गेंद में 36 रन बनाने के अलावा चार ओवर में 21 रन पर तीन विकेट चटकाकर मुंबई की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिन कृष्ण के बाल लीलाओं का हुआ वर्णन

## प्रभु को लगा छप्पन भोग, कृष्ण के लीलाओं को सुन भाव विभोर हुए लोग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 13 लक्ष्मण नगर में चल रहे श्री मद भागवत महापुराण के पांचवे दिन श्री अयोध्या धाम से पधारे स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन किया द्यजिसमें महाराज जी ने कृष्ण के माखन चोरी, कालिया नाग नाथन और गोवर्धन नाथ भगवान की कथा को सुनाया द्यमहाराज जी ने कथा सुनाते हुए कहा कि कृष्ण ने देव राज इंद्र के घमंड को तोड़ने के लिए और ग्वाल बालों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के बाद उसको उठाया था ग्वाल बाले भगवान कृष्ण को ही अपना सर्वस्व मानते थे इसलिए भगवान ने उनकी  और बृज वासियों की रक्षा के लिए गोवर्धन पर्वत को उठा कर अपनी  ये लीला दिखायी श्री मद भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान कृष्ण को 56 तरह का भोग भी लगाया गया और इस अवसर पर स्वामी उत्तम कृष्ण शास्त्री जी ने मंच से अजय यादव को सम्मानित भी किया देर रात तक चले इस कथा में यज्ञ चार्य सूरज कृष्ण शास्त्री, चंद्र कांत शास्त्री, मुख्य यजमान श्याम लाल यादव, अजय यदव, पवन, अनुज, रामबली, विनोद, अनिल, रवि, शिवांश, यश, मुकेश, बृजेश, शुभम,सूरज, अदि।



# एम3एम ने नोएडा में 250 करोड़ रुपये में खरीदी तीन एकड़ भूमि

नयी दिल्ली। रियल्टी कंपनी एम3एम इंडिया ने उत्तर प्रदेश




के नोएडा में 250 करोड़ रुपये में तीन एकड़ भूमि खरीदी है। यहां खुदरा क्षेत्र एवं स्टुडियो अपार्टमेंट वाली परियोजना विकसित करने के लिए वह अतिरिक्त 350 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। नोएडा के सेक्टर 72 में स्थित इस परियोजना के विकास में कंपनी कुल 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एम3एम गुरुग्राम के संपत्ति बाजार में एक प्रमुख कंपनी है, इसने 2022 में नोएडा में प्रवेश किया और अब उसका इरादा उत्तर प्रदेश में तेजी से विस्तार करने का है। एम3एम इंडिया ने कहा कि उसने यह तीन एकड़ भूमि नोएडा प्राधिकारों द्वारा की गई ई–नीलामी में खरीदी है। जमीन की वास्तविक कीमत 180 करोड़ रुपये है लेकिन पंजीयन शुल्क एवं पट्टा शुल्क मिलाकर दाम 250 करोड़ रुपये पर पहुंच गए। यह परियोजना अगले 24 महीने में पूरी होगी और कंपनी को इससे 1,200 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश में 7,500 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

# ताइवान को लेकर युद्ध हुआ तो चीन एक हफ्ते में अमेरिका को हरा देगा

## जानें कैसे खत्म हो जाएगा विस्फोटकों का जखीरा



यूक्रेन में धरती फाड़ धमाके के बीच रूस ये धौंस जमाता आया है कि वो किसी भी वक्त एटम बम का ट्रिगर दबा सकता है। दुनिया को ये कहकर धमकाता रहा है कि रूस पर किसी भी तरह के हमले के हालात में इंतकाम का हथियार न्यूक्लियर बम ही होगा। जाहिर है एक तरफ रूस का एटमी जुनून है तो दूसरी तरफ चीन का वॉर प्लान सामने आया। दुनिया जानती है कि चीन से बड़ा चालबाज कोई नहीं है। विस्तारवादी सोच वाला ड्रैगन मौका देख कर रंग बदलने में माहिर है। यूक्रेन रूस के विध्वंसक युद्ध के बीच चीन की नजर ताइवान पर है। अक्सर ताइवान पर तनाव बढ़ता रहता है और ताइवान के साथ अमेरिका खड़ा रहता है। अमेरिका किसी भी हालत में ताइवान पर चीन का कब्जा नहीं होने देना चाहता है। लेकिन अब ताइवान के अलावा भी चीन और अमेरिका के बीच तनाव का दौरा जासूसी गुब्बारे के बाद से ही देखने को मिल रहा है।

वो दिन दूर नहीं नजर आ रहा है जब ताइवान को लेकर अमेरिका और चीन में तनाव बढ़ने की स्थिति में हिंद प्रशांत क्षेत्र मैदानी जंग में बदल सकता है। मीडिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि चीन के मुकाबले अमेरिका के हमला करने की ताकत में अंतर बहुत ज्यादा बढ़ता जा रहा है। इसकी वजह है कि चीन की विस्फोटक और पप्रेट बनाने की क्षमता काफी ज्यादा हो गई है। वहीं अमेरिकी कारखाने इस मामले में पिछड़ते जा रहे हैं। चीन ने अब आरडीएक्स या एचएमएक्स से 40 फीसदी ज्यादा घातक विस्फोटक बना लिया है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार चीन ने बहुत ही मात्रा में सीएन20 विस्फोटक का निर्माण कर लिया है। ऐसे श्फोर्ब्सश की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार ताइवान पर अमेरिका का चीन से हुआ युद्ध तो विस्फ्फोटकों का जखीरा 1 हफ्ते में खत्म्म हो जाएगा।

अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार ये सीएल–20 का उन्नत संस्करण है जिसका निर्माण 1980 के दशक में किया था। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने साल 2011 में सीएल–20 के समकक्ष का परीक्षण किया था। इसके बाद से लेकर अब तक चीन ने बहुत बड़े पैमाने पर इस विस्फोटक का निर्माण किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सेना के ज्यादातर विस्फोटक अमेरिका के केवल एक प्लांट में होल्स्टोन में बनाए जाते हैं। इसमें दूसरे विश्वयुद्ध के समय के मिक्सिंग सिस्टम और प्रोडक्शन तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है।

# कोरोना काल के बाद पहली बार विदेशी पर्यटकों के लिए अपने दरवाजे खोल रहा चीन



तीन साल के अंतराल के बाद चीन ने पर्यटन उद्देश्यों सहित भारतीय यात्रियों के लिए सभी प्रकार के वीजा को फिर से शुरू करने की घोषणा की है। चीन की तरफ से घोषणा करते हुए बताया गया कि चीनी दूतावास और भारत में महावाणिज्य दूतावास 15 मार्च से विभिन्न प्रकार के चीनी वीजा जारी करना फिर से शुरू करेंगे। इसके साथ, चीन ने 2020 की शुरुआत में कोरोना वायरस महामारी के बाद पहली बार अपनी सीमाओं को फिर से खोलने के कदम के रूप में पर्यटन वीजा, पोर्ट वीजा और कई वीजा–छूट नीतियों सहित विदेशियों के लिए सभी प्रकार के वीजा फिर से शुरू कर दिए हैं। हालांकि, आवक यात्रियों को अधिक विस्तृत आवश्यकताओं और प्रक्रियाओं के लिए अपने स्थानीय चीन दूतावासों या वाणिज्य दूतावासों से परामर्श करने की सलाह दी गई है। जानकारों का कहना है कि इससे सबसे ज्यादा फायदा उन भारतीय स्टूडेंट्स को होगा, जो चीन की यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे थे और कोविड़ लॉकडाउन के कारण उन्हें भारत लौटना पड़ा था। इस वजह से उनकी पढ़ाई बीच में ही लटक गई थी। चीन के इमिग्रेशन अधिकारियों के मुताविक, वीजा संबंधी नीतियां वुधवार से प्रभावी होंगी। कुछ जगहों के लिए वीजा फ्री एंट्री भी शुरू की जाएगी। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि 28 मार्च 2020 से पहले जारी वीजा से भी देश में एंट्री की जा सकती है। चीन ने टूरिजम और इकॉनमी को बढ़ावा देने के प्रयासों के वीच यह कदम उठाया है। उसने कहा कि सीमा पार यात्रा को सुगम बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।   पहले की तरह कुछ जगह वीजा फ्री एंट्री मिलेगीः क्रूज के जरिए शंघाई आने वालों, हॉन्ग कॉन्ग, मकाऊ और आसियान देशों के टूरिस्टों के लिए वीजा फ्री ट्रैवल पहले की तरह जारी रहेगा। इनमें दक्षिणी द्वीप हैनान भी है, जो रूसी टूरिस्टों के बीच काफी लोकप्रिय है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आगंतुकों के लिए वैक्सिनेशन का सर्टिफिकेट या कोविड निगेटिव रिपोर्ट की जरूरत होगी या नहीं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि संबंधित देशों से चीन आने वाले लोगों की जांच के लिए बेहतर उपाय किए गए हैं। चीन में आने वाले लोगों को विमान में बैठने से पहले कोविड जांच कराने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

# कविता

## रिश्ते अनमोल धरोहर हैं

मतलब के रिश्तों का क्या कहना
स्वार्थी फरिश्तों का क्या कहना
अपना बना लो कितना भी इन्हें
जो निकल गया मतलब
तो निकल जाते थे वे
बदलते मौसम की तरह
बदल जाते थे वे।
लगता था कभी कभी
दिलो जान से हमको चाहते थे
गलत फहमी थी हमारी
वे तो अपना काम निकालते थे।
हम जिन्हें समझ बैठे थे अपना,
वह तो सिर्फ अपने
खून के रिश्तों को ही निहारते थे।
टूटता है जो रिश्ता तो दिल टूटता है
इंसान टूटता है और भ्रम भी छूटता है
रिश्तों में कभी भी दिमाग न लगाइए
दिल के रिश्ते तो दिल से ही चलाइए
कभी किसी के बहकावे में न आइए
रिश्ते तो अनमोल धरोहर हैं
हो सके तो समझिए और समझाइए।



**डॉ सीमा मिश्रा/ दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# कस्बे में फंदे से लटकता मिला शव, पत्नी से रात में हुआ था झगड़ा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां,महराजगंज। नौतनवा कस्बे के वार्ड नंबर 13 महेंद्र नगर स्थित



एक मकान में दुपट्टे से लटका हुआ शव मिला है। मिली जानकारी के मुताबिक उक्त वार्ड निवासी राजेश साहनी पुत्र कल्लू ड्राइवर उम्र 32 वर्ष का बीती रात अपने पत्नी से झगड़ा हुआ। उसके बाद उसने पत्नी को घर से बाहर कर दरवाजा बंद कर सो गया। पति के मारपीट के डर से पत्नी अपने 3 वर्षीय बच्चे को लेकर पड़ोस के एक मकान में बैठी रही। लोगो के मुताबिक महेंद्र नगर (कुरुवा टोल) में स्थित राजेश साहनी पुत्र कल्लू ड्राइवर उम्र 32 वर्ष जो राजमिस्त्री का काम करता था। और शराब के नशे का आदी था। वह आये दिन पत्नी से मारपीट करता था। बुधवार की सुबह जब लोगों ने उसका दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो नहीं खुला। जिस पर लोगों को संदेह हुआ तो पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंचकर फंदे से लटकते हुए लाश को अपने कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# महिला ने तीन पुत्रो को दिया जन्म

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां,महराजगंज। प्रसव पीडी होने पर परिजन महिला को प्राईवेट



हास्पिटल मे कराये थे भर्ती। आपरेशन के माध्यम से तीन स्वास्थ्य पुत्रो को महिला ने दिया जन्म। नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गंगवलिया निवासी रमेश सहानी की 28 वर्षीय पत्नी मुनिता सहानी को बीते मंगलवार की देर शाम 6 बजे प्रसव पीडा शुरू हुआ तो परिजन मुनिता को आनन फानन मे डिलेवरी करवाने के लिए रतनपुर स्थित साई हास्पिटल ले गये। जहां डाक्टर एस के मौर्य ने महिला का परिक्षण कर उसे आपरेशन करने की सलाह उसके परीजनो को दिया। परिजनों की स्वीकृति मिलते ही डाकटरों की टीम के साथ महिला का आपरेशन किया तो महिला ने तीन स्वास्थ्य लडको को जन्म दिया है। सभी बच्चो सहित उसकी माता का स्वास्थ्य भी ठीक है। जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है। और लोग इसे ईश्वर का करिश्मा भी बता रहे है। इस दौरान अस्पताल स्टाफ मे सफीउल्लाह खान पुनिता प्रियंका ज्योति अनुप शैलेश आशीष सहित आदि मौजूद रहे।

# गाजे बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोलाबाजार,गोरखपुर। 15 मार्च के पुराने डाक बंगले के पास स्थित सुन्दरम लांन से बुधवार को ऋषि सेवा समिति गोला के द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की धूमधाम के साथ भव्य कलश यात्रा निकाला गया।जिसमें 501 पीत वस्त्र धारण कर कुँआरी कन्याओं ने हाथों में कलश लेकर पुरे नगर का भ्रमण करते हुए गोला स्थित पक्का घाट पर माँ सरयू नदी से जल भरने के बाद पुनः वापस लांन पर आकर यात्रा समाप्त हो गया। यात्रा में शामिल गाजे बाजे और घोड़े तथा क्षेत्र के श्रद्धालु कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे और ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर विद्वान पंडितों की टोली से निकलने वाले वैदिक मंत्रों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया।यात्रा में बुजुर्ग व नौजवान सभी ने भक्ति भाव से यात्रा में शामिल होकर पूण्य का भागीदार बने। कलश यात्रा में प्रमुख रूप से श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्री विष्णु माता लक्ष्मी आकर्षक झांकी के साथ कथा वाचक आचार्य राघव ऋषि महराज शत्रुघ्न कसौधन ऋषि सेवा समिति के कोषाध्यक्ष मनोज कुमार उमर वैश्य रामेश्वर दुबे अजय मोदनवाल उपेंद्र जायसवाल सुशील सोनकर ऋषिकेश साहनी महेंद्र सोनकर विश्वास जायसवाल मारकंडे उमर अजय मोदनवाल जगदीश निगम डॉ राकेश गुप्ता विरेन्दर मालाकार उदय शंकर गुप्ता देवेश निषाद बजरंगी लाल निगम सुरेश चंद अनिल सुरेंद्र मिश्र नीलेश दुबे कैलाश पासवान अक्षैबर जायसवाल ओमप्रकाश मौर्यबबलू सोनकर सहित भारी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तगण शामिल रहे।

# सोनहटी बुजुर्ग में फायरिंग करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

थाना पुरानी,बस्ती। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोनहटी बुजुर्ग




में हुये फायरिंग के सम्बन्ध में थाना पुरानी बस्ती पर पंजीकृत मु0अ0सं0 66/2023 धारा 307/504 भा0द0स0 व 30 आर्म्स ऐक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राजमणि चौधरी पुत्र शिवदास चौधरी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण राजमणि चौधरी पुत्र शिवदास चौधरी निवासी बरदहीया बाजार थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती। घटना का विवरण ग्राम सोनहटी बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती में सद्दाम हुसैन पुत्र गुलाम हुसैन निवासी सोनहटी बुजुर्ग थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती तथा राजमणि चौधरी पुत्र शिवदास निवासी बरदहिया बाजार थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती में गाड़ी को पास देने को लेकर कहासुनी के दौरान राजमणि चौधरी पुत्र शिवदास चौधरी द्वारा अपने लाईसेंसी पिस्टल से सद्दाम हुसैन पुत्र गुलाम हुसैन पर फायर कर दिया गया था।

# साउथ कोरिया से आये बौद्ध तीर्थ यात्रियों ने किया कपिलवस्तु में प्रार्थना

## भारत–साउथ कोरिया के सम्बंध को मजबूत करने के लिए

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। साउथ कोरिया से आये 108 बौद्ध भिक्षुओं ने बुद्धवार को ककरहवा के रास्ते भारत में प्रवेश किया। बताते चलें ये बौद्ध भिक्षु 9 फरवरी से पद यात्रा पर है जो 23 मार्च तक चलेगा, ये पद यात्रा विश्व शांति के लिए बौद्ध तीर्थ स्थलों का पैदल भ्रमण कर रहे हैं। इन बौद्ध भिक्षुओं ने 9 फरवरी से सारनाथ से पद यात्रा शुरू किया। राजगीर, कुशीनगर हुते हुए सोनौली के रास्ते मंगलवार को लुम्बिनी पहुंचे। लुम्बिनी से बुद्धवार की भोर में पैदल ही चलते हुए ककरहवा के रास्ते भारत मे प्रवेश किया जंहा पर यात्रियों की सुविधा के लिए भारत द्वारा मोबाइल इमिग्रेशन की व्यवस्था कर दी गई थी। जिससे इन बौद्ध भिक्षुओं की यात्रा सुगम हुई। ककरहवा में जलपान करने के बाद यात्री टीम नंदनगर विद्यालय पहुची जन्हा पर





नाश्ता कर आराम किया ततपश्चात पैदल यात्रा करते हुए बौद्ध भिक्षुओं की टीम पैदल ही कपिलवस्तु स्तूप एव गेनवरिय राजप्रसाद पहुँच कर ध्यान किया। तत्पश्चात विश्वविद्यालय के समीप निर्माणाधीन पर्यटक क्षेत्र में पहुचकर दिन में विश्राम किया। तथा शाम को पर्यटक क्षेत्र में पूजा अर्चना शुरू किया। पूजा करते हुए साउथ कोरिया के यात्रियों ने बताया कि भारत साउथ कोरिया के सम्बंध और भी गहरा हो यही कामना करते हुए पद यात्रा कर रहे हैं। साउथ कोरिया से भगवान बुद्ध की प्रतिमा साथ साथ लेकर पूजा करते हुए चल रहे हैं। विश्व के स्वास्थ्य एव समृद्धि के लिए कामना कर रहे हैं। कपिलवस्तु में आये साउथ कोरिया के बौद्ध तीर्थ यात्रियों ने कपिलवस्तु में भगवान बुद्ध का पूजा अर्चना किया तथा भगवान बुद्ध का जो कोरियन भाषा मे इतिहास लिखा गया है उसका भी उल्लेख किया और 108 बार भगवान बुद्ध का दंडवत प्रणाम किया तथा भारत एवं साउथ कोरिया के सम्बंध को बेहतर बनाने एव विश्व शांति के लिए प्रार्थना किया। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए कोरियाई यात्रियों ने जिलाधिकारी संजीव रंजन का आभार प्रकट किया। तथा डीएम, एसपी, सीडीओ, एसडीएम को स्मृति चिह्न एव माला देकर सम्मानित किया गया। बौद्ध तीर्थ यात्रियों में छंग हो सुनिम, योन हे सुनिम सहित कुल 108 पर्यटक है।

# हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर, सजेगा बाला जी सरकार का दरबार

## धर्म रक्षा मंच के बैनर तले आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम संरक्षक राघवेंद्र सिंह ने दी जानकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर।





मंगलवार को सांय धर्म रक्षा मंच के संरक्षक व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के आवास हिन्दू भवन पर धर्म रक्षा मंच की बैठक कर आगामी 21 मार्च को चौत्र प्रतिपदा विक्रम संवत 2080 हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या के शुभ अवसर पर डुमरियागंज में धर्मरक्षा मंच के तत्वाधान में होने वाले डुमरियागंज महोत्सव 2023 आयोजन की तैयारी कर कार्य योजना बनाई गई तथा सभी को कार्यक्रम की भव्यता हेतु जिम्मेदारियां दी गई। संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत माता की आरती, श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी सरकार की भव्य महाआरती, प्रसाद वितरण व सहभोज का कार्यक्रम है। कार्यक्रम में घाटा श्री मेंहदीपुर बालाजी सरकार का दरबार सजाया जाएगा। पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर डुमरियागंज में पहली बार श्री घाटा मेंहदीपुर बालाजी सरकार का दरबार सजाया जाएगा। दरबार में बस्ती की बालाजी की मंडली भजन, कीर्तन कर अरदास करेंगे। बालाजी सरकार को सवामणि प्रसाद का भोग लगाने के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के नव वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर डुमरियागंज में इस तरह का यह पहला आयोजन होगा उन्होंने नगर पंचायत सहित क्षेत्र के अधिक से अधिक सनातनियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आवाहन किया है। इस दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।लेश, अर्जुन, विक्की, राजू समेत तमाम महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहें।

# नैतिक शिक्षा से ही होगा सर्वांगीण विकासः भगवान भाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

तुलसीपुर,बलरामपुर। जंडियाला




गुरु। श्रिक्षा का मूल उद्देश्य है चरित्र का निर्माण करना, असत्य से सत्य की ओर ले जाना, बंधन से मुक्ति की ओर जाना, लेकिन आज की शिक्षा भौतिकता की ओर ले जा रही है। भौतिक शिक्षा से भौतिकता की प्राप्ति होती है और नैतिक शिक्षा से चरित्र बनता है। इसलिए वर्तमान के समय प्रमाण भौतिक शिक्षा के साथ साथ बच्चो को नैतिक शिक्षा की भी आवश्यकता है। उक्त वक्तव्य जंडियाला गुरु, पंजाब में माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे। वे एस. ए. जैन सीनियर सेकंडरी स्कूल में छात्र, छात्राओं और शिक्षकों को जीवन में नैतिक शिक्षा का महत्व के विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि विद्यार्थियों को मुल्यांकन, आचरण, अनुकरण, लेखन, व्यवहारिक ज्ञान इत्यादि पर जोर देना होगा। वर्तमान समाज में मूल्यों की कमी हर समस्या का मूल कारण है। परीक्षा के समय अपनी सकारात्मक सोच रखें। परीक्षा का डर मन से निकालिए। समय का सदुपयोग करें। अपना हैंड रायटिंग अच्छा और स्पष्ट लिखें। किसी का कापी राइट ना करें, आत्मविश्वास से लिखें। उन्होंने बताया कि परोपकार, सेवाभाव, त्याग, उदारता, पवित्रता, सहनशीलता, नम्रता, धैर्यता, सत्यता, ईमानदारी आदि सद्गुण नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। शिक्षा एक बीज है और जीवन एक वृक्ष है। जब तक हमारे जीवन रूपी वृक्ष में गुण रूपी फल नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। समाज अमूर्त होता है और प्रेम, सद्भावना, भातृत्व, नैतिकता एवं मानवीय सद्गुणों से सचालित होता है। उन्होंने कहा कि भौतिक शिक्षा से भौतिकता का विकास होगा और नैतिक शिक्षा से सर्वांगीण विकास होगा। नैतिक शिक्षा से ही हम अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं जो आगे चलकर कठिन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविवेक व आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि नैतिकता के अंग हैं, सच बोलना, चोरी न करना, अहिंसा, दूसरों के प्रति उदारता, शिष्टता, विनम्रता, सुशीलता आदि। चेयरमैन चंद्रभूषण जैन ने भी अपना उदबोधन देते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था का विस्तार से परिचय दिया।कार्यक्रम में खजांची संजीव जैन, बी के भूपेन्द्र सिंह, बी के राकेश कुमार, बी के आरती बहन आदि सभी शिक्षक व स्टाफ भी उपस्थित थे।

## सशक्तिकरण कार्यशाला अभियान संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज,गोंडा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आहूत बूथ सशक्तिकरण अभियान की नवाबगंज ग्रामीण मण्डल की कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्षध्मंडल प्रभारी अनुपम प्रकाश मिस्र रहे तथा अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि उपस्तित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ पर अब 11 पदाधिकारियों की सक्रिय समित की रचना कर के बूथ समित पदाधिकारियों का कार्य विभाजन भी करना है। उन्होंने कहा कि बूथ समित गठन के साथ ही साथ राष्टपति अभिभाषण संगोष्ठी को भी सभी सत्तिकेंद्रो पर करवाना है। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में प्रदेश परिषद सदस्य बाबू लाल शास्त्री मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह महामंत्री विनोद सिंह कीर्तिवर्धन पांडे पिछड़ा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार निषाद मंडल कोषाध्यक्ष रतन देव तिवारी सेक्टर संयोजक अखिलेश त्रिपाठी पृथ्वीराज सिंह आनंद श्रीवास्तव सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जीव हत्या करना पाप है–मौलाना नसीम मदनी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। मजहबे इस्लाम मे जीव हत्या, नाहक कत्ल, करना पाप,





गुनाह, और जुर्म है। तो भ्रूण हत्या करना महा पाप, सबसे बड़ा गुनाह और जुर्म है। पवित्र किताब कुरान–ए पाक मे जगह जगह इसका उल्लेख किया गया है। जान का नाहक कत्ल करने वाले का ठिकाना भी जहन्नुम के निचले स्थान मे होगा। उक्त बातें कोतवाली लोटन क्षेत्र के ग्राम भिटपरा मे स्थित प्राचीन मक्ताब माहद मिफताहुल उलूम के प्रांगण मे आयोजित दो दिवसीय जलसे व वार्षिक उत्सव के मुख्य् अतिथि नेपाल से आये लमुस्लिम विद्वान मौलाना नसीम मदनी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि दुनियां के किसी भी धर्म एवं धर्म ग्रन्थों मे जीव हत्या करने का अधिकार किसी को नहीं दिया गया। जीव को जन्म देना और उसकी मौत होना ईश्वरीय कार्य बताये गये है। अजन्मे शिशु को चाहे वह कन्या हो अथवा पुत्र गर्भ में ही समाप्त कर देना जघन्य अपराध भी और धर्मानुसार महा पाप भी। लेकिन उस पर अंकुश नही लगा रहा है। जलसे को क्षेत्रीय मुस्लिम विद्वान मौलाना अहमद हुसैन फैजी ने सम्बोधित किया। उन्होंने लोगों को खेताब करते हुए कहा की शिक्षा ही जीवन को सफल बना सकता है। बिना शिक्षा के मनुष्य पशु के समान हो जाता है। आज समाज मे अफरा तफरी मचा होने का सबसे बड़ा कारण है अशिक्षा। कार्यक्रम कि विधिवत शुरुआतव तेलावाते कलाम –ए–पाक से काजी सईदुर्रहमान फुरकानी ने किया। सदारत व अध्यक्षता मौलाना अब्दुल आखिर मक्कि ने किया। तो निजामत व संचालन एजाज अहमद सनाबली ने किया। कार्यक्रम के आयोजक मौलाना अब्दुल आखिर मक्की ने कार्यक्रम मे सामूहिक तौर पर अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवा/महराजगंज। एक दिवसीय आयोजित निशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य





शिविर मे क्षेत्र के 200 लोगो ने पहुचकर लाभ उठाया। नौतनवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलहिया मे स्थित–श्री राम जानकी मंदिर, सेवा धाम के प्रागंण मे बुधवार की सुबह दस बजे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे नौतनवां मैक्स सिटी हास्पिटल एव बरगदवा कस्बे मे मौजूद आनन्द लोक हास्पिटल के अनुभवी विशेषज्ञ डाकटरों की टीम मौजूद रही जिसमे आस पास गावो की महिलाएं पुरुष एव बच्चे कुल दो सौ लोगो ने पहुचकर अपना अपना स्वास्थ्य परिक्षण करवा निशुल्क दवा प्राप्त किया और स्वयं सेवक संघ सहित दोनो अस्पताल के डाक्टरों एव टीम को लोगो ने धन्यवाद दिया। मेडिकल टीम मे आन्नद लोक हास्पिटल के डायरेक्टर अतुल चन्द त्रिपाठी डाक्टर प्रकाश कुमार मैनेजर विष्णु पाण्डेय मेडिसिन और स्टाफ मे कृष्ण मोहन मुहम्मद समीर मोहम्मद उस्मान अनुराग त्रिपाठी निशा गौतम रेखा कुमारी अनील पासवान सहित राष्ट्रीय स्वयं सेवा संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा संरक्षक सीताराम लोहिया जिला उपाध्यक्ष सुरेश शर्मा संगठन मंत्री सदीप सिह एडवोकेट राजेश श्रीवास्तव सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्युत कर्मियों के कार्य बहिष्कार,कंट्रोल रूम स्थापित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौतमबुद्धनगर। विद्युत कर्मियों के कार्य बहिष्कार एवं सांकेतिक हड़ताल को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्नजिलाधिकारी ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश विद्युत कर्मियों के कार्य बहिष्कार एवं सांकेतिक हड़ताल के दौरान संवेदनशील विद्युत उप केंद्रों पर रखा जाए विशेष फोकस विद्युत विभाग के द्वारा कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए लगाई जाए अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी विद्युत विभाग के अधिकारीगण संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए करें सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चितआज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद में विद्युत कर्मियों का 15 मार्च को कार्य बहिष्कार एवं 17 मार्च से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियों की विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद गौतम बुद्ध नगर औद्योगिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण जनपद है इसीलिए विद्युत कर्मियों के कार्य बहिष्कार एवं सांकेतिक हड़ताल के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो विद्युत विभाग के अधिकारियों के द्वारा समय रहते अपनी सभी समुचित व्यवस्थाएं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि जनपद में विद्युत आपूर्ति अनवरत रूप से संचालित रहे। जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण बैठक की





समीक्षा करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के संवेदनशील विद्युत उपकेंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगवा ली जाए साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील विद्युत उपकेंद्र पर अतिरिक्त विद्युत कर्मियों की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित रखी जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन आउटसोर्सिंग कंपनियों के विद्युत कर्मी आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे हैं उन कंपनियों के निदेशको के साथ वार्ता करते हुए सभी आउटसोर्स कर्मियों की सूची प्राप्त करते हुए, आउटसोर्सिंग कर्मियों के लीडरों को चिन्हित कर लिया जाए और उन पर विशेष ध्यान रखा जाए तथा आउटसोर्सिंग कंपनियों के निदेशकों से वार्ता करते हुए सुनिश्चित कर लिया जाए कि सांकेतिक हड़ताल के दौरान वह जनपद में ही प्रवास करें, ताकि जनपद की विद्युत आपूर्ति सांकेतिक हड़ताल के दौरान प्रभावित न हो।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जनपद में एक कंट्रोल रूम स्थापना करते हुए उसमें नोडल अधिकारी नामित किया जाए और कंट्रोल रूम में भी विद्युत कर्मियों को तैनात कर दिया जाए ताकि जरूरत पड़ने पर उनसे कार्य लिया जा सके। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान पुलिस विभाग के अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि उनके द्वारा भी विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के संवेदनशील विद्युत उपकेंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया जाए एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कर ली जाए एवं जिन संविदा विद्युत कर्मियों के द्वारा हड़ताल में भाग नहीं लिया जा रहा उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने बैठक की समीक्षा करते हुए राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों का भी सूचीकरण करते हुए उपलब्ध करा दिया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके। इसी प्रकार जिला सेवायोजन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा भी ऐसे युवकों को चिन्हित कर सूचीकरण कर लिया जाए जो विद्युत कार्य से संबंधित जानकारी रखते हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा विद्युत संघ के पदाधिकारियों के साथ निरंतर संवाद किया जाए, ताकि जनपद में हड़ताल के दौरान विद्युत आपूर्ति पर कोई प्रभाव न पड़े। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा जनपद के संवेदनशील प्रतिष्ठानों जैसे अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, मेट्रो आदि में सांकेतिक हड़ताल के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित ने हो इस प्रकार वहां की सुरक्षा एवं आवश्यक समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। इस महत्वपूर्ण बैठक में डीसीपी सेंट्रल राम बदन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी तेज प्रताप मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट नोएडा धर्मेंद्र सिंह, विद्युत विभाग से मुख्य अभियंता राजीव मोहन, जिला सेवायोजन अधिकारी संग प्रिय आनंद, आईटीआई व पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य तथा विद्युत विभाग व एनपीसीएल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जरूरतमंद एवं निर्धन व्यक्ति को एसोसिएशन निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराये गा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। मानवाधिकार एवं निशुल्क कानूनी सहायता के लिए



समर्पित अग्रणी संस्था भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन की एक बैठक तहसील परिसर रावस्ट्सगंज में बुद्धवार दिन के 11रू00 बजे अधिवक्ता भवन में अध्यक्षता राष्ट्रीय संयोजक एड पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने किया एवं संचालन विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट महामंत्री डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुइ। भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन के प्रमुख सलाहकार व पूर्व सांसद छोटे लाल खरवार व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट के साथ जिला सत्र न्यायालय परिसर अधिवक्ता भवन 1 में बैठक हुई । एसोसिएशन के राष्ट्रीय सलाहकार पूर्व सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि निःशुल्क कानूनी सहायता प्रत्येक निर्धन व्यक्ति का अधिकार होता है। आपराधिक मामलों में यदि एक अभियुक्त को कानूनी मदद नहीं मिले और वे अपना बचाव नहीं कर पाए यह नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। आज के समय में न्याय अत्यंत खर्चीला है, ऐसे में एक निर्धन अभियुक्त अपने बचाव से विरत रह जाता है। इस समस्या से निपटने के लिए ही निःशुल्क विधिक सहायता की अवधारणा अस्तित्व में आई है। जहां एक निर्धन अभियुक्त को अपना बचाव करने के लिए एसोसिएशन द्वारा अपने अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है जो अभियुक्त की ओर से उसका बचाव करता है। इस आलेख में इस ही निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित कानून पर चर्चा की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल ने कहा कि रावटसगंज में कृष केसरी हत्याकांड एवं घोरावल थाना अंतर्गत पेड़ में अनुराग हत्याकांड पचास लाख का मुआवजा एवं घर में एक व्यक्ति को नौकरी दी जाए और अगर जरूरत पड़ी तो एसोसियेशन के अधिवक्ताओं का एक पैनल दोनों हत्याकांड के मुकदमों में निशुल्क पैरवी करेगा जिससे दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके। इस अवसर पर फूल सिंह एडवोकेट, पवन कुमार द्विवेदी एड, अतुल कुमार कनौजिया एड, नवीन कुमार पांडेय एड, मनोज कुमार जायसवाल एड, अनिल कुमार सिंह एड आदि लोग उपस्थित थ।

## विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, सांकेतिक हड़ताल, को लेकर कन्ट्रोल रूम स्थापित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुपालन में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उ0प्र0 द्वारा बिजली कर्मचारियों एवं अभियन्ता संगठनों की कतिपय मांगों को लेकर समस्त परियोजनाओं, मुख्यालयों एवं डिस्काम मुख्यलयों पर 20 फरवरी 2023 से चरणबद्ध जन–जागरण रैली एंव मशाल जुलूस तथा इसी प्रकार 16 मार्च 2023 की रात्रि 10:00 बजे से 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल के दृष्टिगत जनपद मुख्यालय पर सामानान्तर कण्ट्रोल रूम स्थापित किया जाता है जिसका दूरभाष नम्बर 05444222384 एवं मोबाइल नम्बर 8840127444 है। कन्ट्रोल रूम में कार्यरत अधिकारियोंध कर्मचारियों द्वारा प्राप्त सूचनाओं की समीक्षा कर आवश्यक सूचनाओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी यह कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे संचालित रहेगा। कलेक्ट्रेट, सोनभद्र में स्थापित विद्युत कर्मचारी प्रान्त व्यापी आन्दोलन नियंत्रण कन्ट्रोल रूम हेतु नोडल अधिकारियोंध्कर्मचारियों नामित किया जाता है नोडल अधिकारी निखिल



कुमार यादव, डिप्टी कलेक्ट्रेट मुख्यालय, सोनभद्र मो0न0–6387504022, नामित कर्मचारी प्रेमचन्द्र वरिष्ठ सहायक कलेक्ट्रेट मो0 नं0 9919856357, श्री रामजी, जन सूचना लिपिक, कलेक्ट्रेट मो0 नं0 7007324744 प्रातः 06:00 बजे अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यरत रहेगें। अपरान्ह 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक श्री राम लाल, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट नोडल मो0 नं0 945016102, नामित कर्मचारी जमुना प्रसाद वरिष्ठ सहायक कलेक्ट्रेट मो0 नं0 9919717351, विमल श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक मो0 नं0 8707250525 रहेगें। नोडल अधिकारी सुशील कुमार सिंह, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन मो0 नं0 9450125408, नामित कर्मचारी हरि गोविन्द वरि0 सहायक कलेक्ट्रेट मो0 नं0–9451581825, शक्ति सिंह लेखापालध्स्टेनो बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी मो0 नं0–9454077088 रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक लगायी गयी है। उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मचारी हड़ताल नियंत्रण कन्ट्रोल रूम में ड्यूटी हेतु निर्धारित कर्मियों द्वारा कन्ट्रोल रूम के लिए निर्धारित दूरभाष पर विद्युत कर्मचारी आन्दोलन आदि सम्बन्धित प्राप्त सूचनाओं से प्रभारी अधिकारी, कंट्रोल रूम को अवगत कराया जायेगा, जो सम्बन्धित विभाग अथवा आवश्यकतानुसार जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को तत्काल अवगत करायेंगें। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में स्थापित विद्युत परियोजनाओं, उप केन्द्रों आदि प्रमुख एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करते हुए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगें, इसी प्रकार से समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट एवं समस्त पुलिस उपाधीक्षकगण अपने परिक्षेत्र में स्थित समस्त विद्युत केन्द्रों, उप केन्द्रों आदि पर सतत् पर्यवेक्षण रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के लिए उत्तरदायी होंगें।

## मुख्य बिकास अधिकारी नें जिला स्तरीय समीक्षा समिति की किया बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने बुद्धवार को



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की, इस दौरान उन्होंने कहा कि बैंक जनता के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते हुए रोजगार परक योजनाओं को मूर्त रूप देने में सकारात्मक सहयोग कर जिले के विकास में सकारात्मक सहसयोग करें, भारत सरकार और रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के दिशा–निर्देशों के अनुरूप सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभार्थियों के प्रति नियमित जिम्मेदारी के साथ ही मानवीय नैतिकता भी निभाये और अपने निर्धारित लक्ष्य समय रहते पूरा करें। बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति " की बैठक करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जो भी लाभार्थियों द्वारा रोजगार के लिए ऋण हेतु आवेदन किया गया है उनके पत्रालियो को पेन्डिंग न रखा जाये, उनके पत्रावलियों का समय से निस्तारित कर उन्हें लाभान्वित किया जाये। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड सुगमता के साथ बनाया जाये, किसानों को परेशान न किया जाये, इसके लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों व बैंक मैनेजरों को निर्देशित किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) ने बिन्दुवार तथ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बारी–बारी से सम्बन्धित बैंकों की जिम्मेदारियों को प्रस्तुत करते हुए उदासीनधनिर्धारित लक्ष्य को पूरा न करने वाले बैंक अधिकारियों को सचेत किया और अवगत कराया कि सभी बैंक अनिवार्य रूप से अपने कार्य क्षेत्र में लक्ष्य को पूरा करेंगें। उन्होने बैंको के पदाधिकारियों को सचेत करते हुए कहाकि बैकों का राष्ट्रीकरण विशेष रूप से गरीबों की बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से भलाईध्उत्थान व सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी एवं स्वरोजगार परक योजनाएं को मूर्त रूप देने में सकारात्मक सहयोग के निमित्त किया गया है।

## गैंगस्टर एक्ट में थाना हैरया पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का सन्देश

पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन में



प्रभारी निरीक्षक हरैया शैलेश कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना छावनी जनपद बस्ती में पंजीकृत मु0अ0सं0 363/2022 धारा 3 (1) गैंगस्टर एक्ट, जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक हरैया शैलेश कुमार सिंह द्वारा की जा रही है, में काफी समय से वांछित चल रहा अभियुक्त दिवाकर दीक्षित पुत्र अमरजीत दीक्षित निवासी साजूपार थाना खजनी जनपद गोरखपुर उम्र करीब 25 वर्ष को ग्राम बिहरा मोड़ से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

## अवैध परिवहन रोकने के लिये चला अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन रोकने हेतु चला अभियान अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग करने वाले 29 गाड़ियों का चालान कर, 17 वाहनों को सम्बन्धित थानों को अभिरक्षा हेतु किया गया सुपूर्द शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) के नेतृत्व में 14 मार्च को अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे कुल 29 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एम0चेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमे 17 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया, इस दौरान ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, ए0आर0टी0ओ0 धनवीर यादव, खान निरीक्षक ईश्वर चन्द्र, मनोज कुमार, सर्वेयर श्री योगेश शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## 17 मार्च को होगा रोजगार मेले का आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला सेवायोजन अधिकारी, ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के प्रवासी श्रमिकों एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए दिनांक 17 मार्च 2023 को प्रातः 10:00 बजे से विधानसभावार रोजगार मेले के क्रम में विधानसभा रावर्ट्सगंज के जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर में रोजगार मेलें का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग दस से पन्द्रह कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें प्रेरणा इनोवेटिव सोल्यूशन्स प्रा0 लि0, नोएडा, एल0 आई0 सी0, रावर्ट्सगंज, वज्र इण्डस्ट्रीज, रावर्ट्सगंज, पुखराज हेल्थ केयर, वाराणसी, पीपल ट्री ऑनलाइन, मिर्जापुर, डीक्सन इलेक्ट्रानिक्स प्रा0 लि0, नोएडा, लावा इण्टरनेशनल लि0, नोएडा, पैडेट इलेक्ट्रानिक्स, नोएडा, गुडविल इण्डिया मैनेजमेन्ट ग्रुप ऑफ कम्पनीज, वाराणसी, बेस्ट कोकी ऑटोमोटिव, दिल्ली एवं रोहित हाइब्रीड सीड प्रा0 लि0, गाजीपुर इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थी सेवायोजन की वेबसाइट`मूंलवरंद.नच.दपब.पद पर जाकर भर्ती सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते है। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर खुशबू बाग नर्सरी रोड, संयुक्त जिला चिकित्सालय के सामने लोढ़ी, में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है, इस हेतु कोई याघ्त्रा व्यय देय नहीं होगा।

## विकास भवन सभागार में किसान दिवस का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार की अध्यक्षता



में बुद्धवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने अन्नधमिलेट (ज्वार,बाजार,सावां, कोदो आदि) के उत्पादन एवं अधिकतम उपयोग की जनपद के समस्त कृषकों से अपील की गई। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी डा0हरि कृष्ण मिश्रा द्वारा अन्न के पोषणीय लाभ के साथ साथ मौसम विभाग के पूर्वानुमान की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि 18 से 20 मार्च की बीच वर्षा संभावित है अतः सरसोंध्राई की फसल यदि पक कर तैयार हो गई है तो उसकी कटाईध्मड़ाई कर सुरक्षित स्थान पर रखें। देर से बोए गेहूं में यदि अंतिम सिंचाई के बारे प्लानिंग कर रहे है तो उसमें 20 मार्च तक सिचाई से बचें। किसान दिवस में कृषि, बैंक, उद्यान, के0वी0के0, सहकारिता, सिचाई, विभाग के अधिकारियों के साथ साथ कृषक मनीराम पटेल,लाल जी तिवारी,लाल बहादुर सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# डायबिटीज, कैंसर जैसी बीमारियां रहेंगी कोसों दूर, हेल्दी खाना बनाने की ये 8 तकनीकें करें फॉलो



हेल्दी लाइफस्टाइल को जीने और डायबिटीज, कैंसर जैसी बीमारियों को दूर रखने के लिए स्वस्थ भोजन पकाना जरूरी है. खाना पकाने की सही तकनीकों के साथ, आप अपने स्वास्थ्य का त्याग किए बिना स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन का आनंद ले सकते हैं. आज हम खाना पकाने की 8 स्वस्थ तकनीकों पर बात करेंगे. जो आपको हेल्दी और सेहतमंद बनाए रखने में मदद कर सकती हैं. 1. तलने की जगह बेकिंग, रोस्ट या ग्रिल करना. इससे आप ज्यादा तेल के सेवन से बच सकते हैं और अपने भोजन का स्वाद बढ़ा सकते हैं. 2.तलने से पहले अपने खाद्य पदार्थों को पतला करें. इससे आपकी खाने की वसा कम होगी और आपका भोजन स्वस्थ होगा. 3.अपने भोजन में ताजा सब्जियों और फलों का उपयोग करें. इससे आप ज्यादा पोषण वाले भोजन का सेवन करेंगे जो आपके शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं. 4. अपने भोजन में अधिक मात्रा में पानी शामिल करें. इससे आपका भोजन स्वस्थ होता है और अधिक पानी सेवन से आपकी पेट से सम्बंधित समस्याएं भी कम होती हैं. 5. अपने खाद्य पदार्थों को अधिक समय तक पकाने से बचें. इससे आपके भोजन में उपस्थित पोषण तत्वों का नुकसान हो सकता है. 6. नमक की मात्रा कम करें और उपलब्धता के अनुसार अन्य मसालों का उपयोग करें. नमक अधिक सेवन से आपकी उच्च रक्तचाप और अन्य समस्याओं का कारण बन सकता है. 7. भोजन को अधिक स्वस्थ बनाने के लिए ग्रीन टी, हल्दी और अन्य जड़ी–बूटियों का उपयोग करें. इनमें पाए जाने वाले गुण आपके शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं. 8.अपने डाइट प्लान में अधिक फाइबर शामिल करें. फाइबर आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है और उन्हें अच्छी तरह से काम करने में मदद करता है.

# ब्राउन कलर के आउटफिट में जॉर्जिया एंड्रियानी ने की क्लीवेज फ्लॉन्ट, तस्वीरों की हॉटनेस देखकर फैंस हुए पानी–पानी



एक्टर सलमान खान के भाई अरबाज की गर्लफ्रेंड बेहद ही हॉट और बोल्ड अंदाज में नजर आ रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अपने बेहद ही सिजलिंग अवतार से फैंस के दिलों को बेताब किए हुए है। उनकी किलर तस्वीरें फैंस की सांसें थामें को मजबूर कर रही हैं। एक्ट्रेस जार्जिया सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस और बोल्ड तस्वीरों से पारा हाई किए हुए हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। ब्राउन कलर की छोटी सी ड्रेस में एक्ट्रेस जॉर्जिया अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं।

उनकी हॉटनेस देखकर किसी का भी पसीना छूट जाए। 33 साल की जॉर्जिया एंड्रियानी अपनी हॉटनेस से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। साथ ही उनकी तस्वीरों पर बेशुमार लाइक्स और कमेंट्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस अपने लुक्स और ड्रेसिंग सेंस से फैंस पर कहर बरपाती रहती हैं। साथ ही अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करना नहीं भूलती हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया आए दिन अरबाज खान से रिलेशनशिप को लेकर चर्चाओं में बनी रहती हैं। वहीं, वो उनकी एक्स वाइफ मलाइका को कड़ी टक्कर देती हुई दिखती हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी के कमाल लुक ने फैंस पर अपनी खास छाप छोड़ी है। फैन फॉलोइंग की अगर बात करें तो एक्ट्रेस के इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अपनी निजी और प्रोफेशनल तस्वीरें फैंस के साथ साझा करती रहती हैं।

# कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री को फिल्म कब्जा के हिट होने की उम्मीद

केजीएफः चैप्टर 1 और केजीएफः चैप्टर –2, 777 चार्ली और कंटारा की सफलता का लुत्फ उठाने के बाद, कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री इस हफ्ते कब्जा फिल्म रिलीज करने वाली है और




पैन–इंडिया लेवल पर शानदार सफलता की उपलब्धि को दोहराने की उम्मीद कर रही है। मंगलवार शाम को बेंगलुरु में एक मेगा प्री–रिलीज इवेंट आयोजित किया गया, जिसमें फिल्म के स्टारकास्ट उपेंद्र, किच्चा सुदीप और डॉ. शिवराजकुमार सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। पूरे भारत में 17 मार्च को रिलीज होने वाली इस फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। फिल्म की टीम उपेंद्र और लीड एक्ट्रेस श्रेया सरन, डायरेक्टर और प्रॉड्यूसर आर. चंद्रू ने सभी मेट्रो सिटीज में फिल्म के प्रमोशन इवेंट्स में भाग लिया।कब्जा टीम ने दावा किया कि यह प्रोजेक्ट भारतीय सिनेमा में अगला बड़ा हिट साबित होगा। चंद्रू ने कहा कि वह केजीएफ चौप्टररू 2 की बड़ी सफलता देखने के बाद पैन–इंडिया सुपरहिट फिल्म देने के लिए प्रेरित हुए।कब्जा के टीजर और ट्रेलर को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला।



# दिलजीत दोसांझ ने पूरी फिल्म चमकीला की शूटिंग

इम्तियाज अली की चमकीला लंबे समय से चर्चा में है। यह फिल्म पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक होगी। इसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं। जहां कुछ दिन पहले परिणीति ने फिल्म की शूटिंग खत्म की है, वहीं अब दिलजीत ने भी चमकीला की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा कर इस खबर की पुष्टि की है, जिसमें वह इम्तियाज के साथ नजर आ रहे हैं। दिलजीत ने इसके कैप्शन में लिखा, इम्तियाज सर बहुत प्यार। आपने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। परिणीति तुमने बहुत अच्छा काम किया है। पूरी टीम ने खूब मेहनत की। परिणीति ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर इम्जियाज और दिलजीत की तारीफ करते हुए लिखा, मेरे पसंदीदा इंसान। सबसे अच्छे लड़के। मेरे साथी। आखिरकार चमकीला की शूटिंग हुई। आपसे बहुत कुछ सिखा है। क्या कमाल का काम किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म इसी साल नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। खबरों का कहना है कि इस मूवी में परिणीति अमरजोत कौर का किरदार निभा रही हैं, तो वहीं दिलजीत मूवी में चमकीला का रोल प्ले करने वाले है। ये मूवी पंजाब के मशहूर सिंगर चमकीला और उनकी पत्नि अमरजोत की जिंदगी पर आधारिकत है।

# साइकिल चलाने से स्किन को भी मिलते हैं कई फायदे, जानें इनके बारे में



समय के साथ ही लोगों की डेस्क जॉब बढ़ गई है। इस वजह से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही काम के दबाव के चलते भी लोगों को मानसिक रूप से परेशानियां झेलनी पड़ रही है। मानसिक रूप से तनाव और नींद की कमी की वजह से लोगों को बेहतर नींद नहीं आ रही है। लेकिन आप अपनी दिनचर्या में एक्सरसाइज को शामिल कर अपनी आधी से ज्यादा समस्याओं को दूर कर सकते हैं। एक्सरसाइज करने में साइकिलिंग एक बेहद ही आसान एक्सरसाइज मानी जाती है। आज भी लोग साइकिल चलाना पसंद करते हैं। कई लोगों के पास बाइक और स्कूटर होने के बाद भी वह सुबह साइकिल चलाने को प्राथमिकता देते हैं। इससे आपके शरीर के सभी अंग सक्रिय होते हैं। साइकिल चलाने से आप अपने वजन को कंट्रोल करने के साथ ही अपनी स्किन को भी खूबसूरत और जवां बना सकते हैं। इस लेख में आपको साइकिल चलाने से चेहरे पर होने वाले प्रभावों के बारे में बताया गया है।

साइकिलिंग से स्किन पर होने वाले फायदेः त्वचा के ग्लो को बढ़ाने में सहायकः यदि आप नियमित रूप से साइकिल चलाते है तो इससे आपको बेहतर नींद आती है। गहरी और पर्याप्त नींद से त्वचा का निखार तेजी से बढ़ता है। अच्छी नींद आने से आपकी त्वचा के सेल्स दोबारा बनते हैं। साथ ही इससे त्वचा की समस्याएं दूर होती है और धीरे–धीरे त्वचा में ग्लो आने लगता है।

स्किन को करें डिटॉक्स : सुबह के समय साइकिल तेजी से चलाने से शरीर में गर्मी आती है, जिससे पसीना आने लगता है। शरीर में पसीना आने से आपकी बॉडी और स्किन के विषैले तत्व बाहर निकलते हैं। पसीना आने से आपकी त्वचा की गहराई से सफाई होती है। साथ ही त्वचा टाइट होती है।

स्किन पोर्स को खोलने में सहायक : साइकिल चलाते समय जब आपको पसीना आता है तो इससे आपकी स्किन के पोर्स में जमा गंदगी बाहर निकाल जाती है। इससे आपकी त्वचा दोबारा से सांस लेने लगती है। त्वचा के पोर्स खुलने से चेहरे पर पिंपल्स और मुंहासे होने की समस्या दूर होने लगती है।

तनाव को कम करने में मददगार : साइकिलिंग से आपके शरीर और मस्तिष्क का तालमेल बेहतर होता है। इसके साथ ही त्वचा और जवां होती है। सुबह के समय साइकिल चलाने से आपके शरीर में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ता है, जिससे आपको तनाव कम करने में मदद मिलती है। स्ट्रेस कम होने से आप अपनी पर्सनेलिटी को बेहतर करने पर ध्यान देते हैं।

विटामिन डी से हड्डियां होती हैं मजबूत : सुबह के समय साइकिल चलाने से आपको सूर्य से विटामिन डी मिलता है। विटामिन डी से आपकी हड्डियां मजबूत होती है। इससे आपको बढ़ती उम्र में हड्डियों की समस्या कम होती है। विटामिन डी की कमी की वजह से त्वचा में सोरासिस और एटोपिक डर्मेटाइटिस की समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में जब आप साइकिलिंग करते हैं तो आप त्वचा संबंधी इन दोनों रोगों से सुरक्षित रहते हैं।

